
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





तनाव प्रबंधन में योगाभ्यास है कारगर....

बच्चों की नजर ना हो कमजोर.....


वर्ष : 10 | अंक : 300 | लखनऊ, 11 अक्टूबर, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# भारत ने एक अमूल्य रत्न खो दिया...

## दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक, पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए उमड़ा जन सैलाब

### पीएम मोदी, अमित शाह से लेकर इन नेताओं ने जताया रतन टाटा के निधन पर शोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



1937-2024



नई दिल्ली, टाटा संस के मानद चेयरमैन रहे रत्न टाटा का मुंबई के कैंडी ब्रीच अस्पताल में नौ अक्टूबर की देर रात को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। रतन टाटा के निधन से पूरा देश दुखी है। देश के लिए कई ऐतिहासिक काम करने वाले रतन टाटा के निधन से एक युग का अंत हो गया है।

रतन टाटा ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस लेने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा श्री रतन टाटा जी एक दूरदर्शी कारोबारी नेता, एक दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। साथ ही, उनका योगदान बोर्डरूम से कहीं आगे तक गया। उन्होंने अपनी विनम्रता, दयालुता और हमारे समाज को बेहतर बनाने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई लोगों के बीच अपनी जगह बनाई।

तेजस्वी यादव ने रतन टाटा को याद करते हुए कहा कि मानवीय मूल्यों व परोपकार में गहरी आस्था रखने वाले बड़े उद्योगपति, विजनरी लीडर, ईमानदारी, नैतिकता, दयालुता और सद्भावना की मिसाल श्री रतन टाटा जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूँ। वो ऐसे उद्योगपति थे जो हमेशा औरों के लिए जिए। उन्होंने अनुकरणीय जीवन जिया। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

वहीं राजनाथ सिंह ने राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर लिखा कि श्री रतन टाटा के निधन से दुखी हूं। वे भारतीय उद्योग जगत के एक ऐसे दिग्गज थे जिन्हें हमारी अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

एक पोस्ट में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लिखा एक्स पर एक पोस्ट में, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, श्री रतन टाटा के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। श्री टाटा भारतीय उद्योग जगत के महानतम लोगों में से एक थे। टाटा समूह के माध्यम से उन्होंने सुनिश्चित किया कि भारतीय उद्योग जगत को दुनिया में एक उल्लेखनीय स्थान मिले। उन्हें उनकी नैतिकता, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति प्रेम के लिए याद किया जाएगा। उनमें निर्णय लेने और उसे सही बनाने का असाधारण गुण था। उन्होंने हमारे जीवन को बदल दिया, पूरे उद्योगों को फिर से परिभाषित किया और मानव इतिहास में सबसे दुर्लभ उपलब्धियों में से एक को हासिल किया: उन्होंने दुनिया में भारत की छवि को बदल दिया। दान और परोपकार के माध्यम से उन्होंने धन सृजन को उद्देश्य और अर्थ दिया। दुनिया ने एक दूरदर्शी और भारत ने अपना सबसे महान बेटा खो दिया है। मुंबई ने अपना पितामह खो दिया है। हम टाटा समूह और उन सभी लोगों के लिए अपनी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ भेजते हैं जो श्री रतन टाटा को प्यार करते थे।

### अमेरिकी राजदूत ने किया याद

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने ट्वीट किया, भारत और दुनिया ने एक विशाल हृदय वाले दिग्गज को खो दिया है। जब मुझे राजदूत के रूप में सेवा देने के लिए नामित किया गया, तो भारत की ओर से पहली बधाई रतन टाटा की ओर से आई, जिन्होंने दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के बोर्ड में सेवा करते हुए मेरे गृहनगर की बहुत सेवा की। उन्होंने अपने देश के लिए अधिक समृद्धि और समानता का भविष्य देखा और हमारी दुनिया के लिए बहुत कुछ किया। उनकी स्मृति आशीर्वाद बनी रहे।

### मुख्यमंत्री सोरेन ने रतन टाटा के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की




झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर बृहस्पतिवार को एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 86 वर्षीय टाटा ने दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में बुधवार रात 11.30 बजे अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। सोरेन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाले टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन और पद्म विभूषण रतन टाटा जी के निधन पर एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की गई है।

### राहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि



रतन टाटा को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी ने कहा, रतन टाटा एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। उन्होंने व्यवसाय और परोपकार दोनों पर अमिट छाप छोड़ी है। उनके परिवार और टाटा समुदाय के प्रति मेरी संवेदनाएं।

### केरल सीएम ने दी श्रद्धांजलि



केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने ट्वीट किया, भारतीय इतिहास में एक स्थायी विरासत वाले उद्योगपति श्री रतन टाटा के निधन से गहरा दुख हुआ। केरल के विकास के लिए उनके अटूट समर्थन को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और टाटा समूह के प्रति हार्दिक संवेदना।

### महाराष्ट्र सरकार ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए एक दिवसीय शोक की घोषणा की



महाराष्ट्र सरकार ने उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य में एक दिवसीय शोक की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यह जानकारी दी। टाटा समूह को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध समूह में बदलने का श्रेय रतन टाटा को जाता है। उनका बुधवार को मुंबई के एक अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हवाले से एक बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र में सरकारी कार्यालयों पर राष्ट्रीय झंडा 10 अक्टूबर को शोक के प्रतीक के रूप में आधा झुका रहेगा। बयान में कहा गया है कि बृहस्पतिवार को कोई मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

# पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन आसियान देशों के साथ संबंधों को और गहरा करने का अवसर: मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए लाओस की उनकी यात्रा आसियान देशों के साथ संबंधों को और गहरा करेगी। लाओस रवाना होने से पहले अपने जारी एक बयान में मोदी ने कहा कि भारत इस साल एक्ट ईस्ट नीति का दशक पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आसियान नेताओं के साथ हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करूंगा और हमारे सहयोग की भविष्य की दिशा तय करूंगा। उन्होंने कहा कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगा। मोदी ने कहा कि लाओस जनवादी लोकतान्त्रिक गणराज्य (लाओ पीडीआर) समेत क्षेत्र के साथ भारत के करीबी, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं जो बौद्ध धर्म और रामायण की साझा विरासत से समृद्ध हैं। उन्होंने कहा, मैं लाओ पीडीआर नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों को लेकर आशान्वित हूं ताकि हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया जा सके। मोदी लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफनाडोन के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर आज विएंतियाने पहुंच जाएंगे। इस दौरान वह 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आसियान-भारत सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी 10वीं बार हिस्सा लेंगे। वह आसियान देशों के अन्य शासनाध्यक्षों के साथ भारत और आसियान के बीच संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और परस्पर संबंधों की दिशा भी तय करेंगे।

# चिकित्सक दुष्कर्म-हत्याकांड : प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर और बंगाल सरकार के बीच बातचीत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार





कोलकाता, आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर, जिनके नौ प्रतिनिधि 100 घंटे से अधिक समय से आमरण अनशन पर बैठे हैं, ने पश्चिम बंगाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार रात को हुई वार्ता को अब तक की सबसे निराशाजनक वार्ता करार दिया। दो घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने आरोप लगाया कि उन्हें मौखिक आश्वासन के अलावा राज्य सरकार से कुछ भी ठोस नहीं मिला, क्योंकि सरकार ने स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार और मेडिकल कॉलेज परिसरों के भीतर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने संबंधी उनकी मांगों पर लिखित निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। राज्य भर के मेडिकल कॉलेज के लगभग 20 प्रतिनिधियों ने साल्ट लेक में राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व मुख्य सचिव मनोज पंत, गृह सचिव नंदी मुखर्जी और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने किया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

# सपा और कांग्रेस का गठबंधन बरकरार रहेगा : अखिलेश

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी और विपक्ष के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सहयोगी कांग्रेस का गठबंधन बरकरार रहेगा। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। सपा द्वारा बुधवार को इनमें से छह सीटों के लिये उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद सपा और कांग्रेस के गठबंधन के बरकरार रहने को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच अखिलेश का यह बयान महत्वपूर्ण माना जा सकता है। यादव ने इटावा के सैफई में अपने पिता मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस से गठबंधन जारी रहने की सम्भावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, आज समय नहीं है इस पर चर्चा का। मगर जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है तो मैं कहना चाहूंगा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन रहेगा। सपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय के एक दिन बाद बुधवार को उपचुनाव वाली 10 में से छह सीटों फूलपुर, मझवां, करहल, कटेहरी, मिल्कीपुर और सीसामऊ पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये। कांग्रेस उनमें से फूलपुर और मझवां सीटों पर दावेदारी कर रही थी। ऐसे में सपा और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर तरह–तरह की अटकलें लगायी जा रही थीं। सपा और कांग्रेस ने इंडिया के तहत पिछला लोकसभा चुनाव लड़ा था जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए सपा ने उत्तर प्रदेश में 37 और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा, हरियाणा चुनाव पर चर्चा अभी करना ठीक नहीं है। जब हम मिलेंगे तो चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों कटेहरी (अंबेडकर नगर), करहल (मैनपुरी), मिल्कीपुर (अयोध्या), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिजार्पुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) पर उपचुनाव होने हैं। हालांकि उपचुनाव का कार्यक्रम अभी घोषित नहीं हुआ है।

# इलाज के लिये दी अपनी ही बच्ची की बलि, दम्पति गिरफ्तार, कुबूला जुर्म

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने बीमारियों के इलाज के लिए एक तांत्रिक की सलाह पर अपनी ही एक महीने की बच्ची की बलि देने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) आदित्य बंसल ने बृहस्पतिवार को पीटीआई– को बताया कि गोपाल कश्यप और उसकी पत्नी ममता को बुधवार रात भोपा थाना क्षेत्र के बेलदा गांव में अपनी ही बच्ची की हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए अपनी बच्ची की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। बंसल के मुताबिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ममता काफी समय से बीमार थी और एक तांत्रिक ने सलाह दी थी कि अगर बीमारियों से छुटकारा पाना है तो अपनी ही एक माह की बच्ची की बलि देनी होगी। इस पर दम्पति ने बच्ची की बलि देकर उसका शव जंगल में छुपा दिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस दम्पति के बयान के आधार पर बच्ची के शव की तलाश कर रही है। साथ ही हरेंद्र नामक उस तांत्रिक को भी पकड़ने की कोशिश की जा रही है जिसने उन्हें बीमारी के इलाज के लिए बच्ची की हत्या करने की सलाह दी थी।

**संक्षिप्त समाचार**

### असम में अब तक 58 लाख से अधिक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता: हिमंत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

असम, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि राज्य में अब तक 58.11 लाख से अधिक लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ली है। हिमंत ने बताया कि 88 विधानसभा क्षेत्रों के 40,000 से अधिक लोग भाजपा के सदस्य बने हैं, जिनमें से टेओक और टिटाबोर नये विधानसभा क्षेत्र हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पार्टी में 58.11 लाख नये सदस्यों के जुड़ने के साथ ही भाजपा की असम इकाई अपने निर्धारित लक्ष्य के 100 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। हिमंत ने कहा, 40,000 से अधिक सदस्यों को नामांकित करने में कड़ी मेहनत के लिए टिटाबोर और टेओक निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यकताओं को बधाई।

# बम की अफवाह के बाद उप्र के टूंडला में पुरुषोत्तम एक्सप्रेस तीन घंटे से अधिक समय तक रुकी रही

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सोशल मीडिया मंच एक्स के एक उपयोगकर्ता के हैंडल से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध आतंकवादी विस्फोटकों के साथ ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं, जिसे वे एअर इंडिया की दिल्ली-लेह उड़ान में लगाने वाले हैं। रेलवे अधिकारियों को पुरी-नयी दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों के विस्फोटकों के साथ यात्रा करने की सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश के टूंडला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को तीन घंटे से अधिक समय तक रोके रखा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्स उपयोगकर्ता से मिली सूचना गलत निकली, क्योंकि देर रात ढाई बजे से सुबह छह बजे तक की गई गहन जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। प्रयागराज रेल मंडल के एक रेलवे अधिकारी ने बताया, देर रात करीब ढाई बजे हर डिब्बे के यात्रियों को जगाया गया और मेटल डिटेक्टर तथा श्वान दस्ते की मदद से उनके सामान एवं कोच की गहनता से जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला। उन्होंने कहा, हमें एक सोशल मीडिया मंच एक्स के एक उपयोगकर्ता के हैंडल से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध आतंकवादी विस्फोटकों के साथ ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं, जिसे वे एअर इंडिया की दिल्ली-लेह उड़ान में लगाने वाले हैं। हमने कार्रवाई शुरू की, लेकिन यह खबर गलत निकली।

# दिल्ली में डेंगू के 43 हॉट स्पॉट चिन्हित

## अब तब मामलों की संख्या बढ़कर 2115, दो लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डेंगू से दो और व्यक्तियों की मौत हो गई है, जबकि इस साल डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 2,115 हो गयी है। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली। सितंबर में, दिल्ली में इस साल डेंगू से पहली मौत हुई, जब आठ सितंबर को लोक नायक अस्पताल में 54 वर्षीय एक व्यक्ति की वायरस के कारण मौत हो गई। नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक निकाय अधिकारी ने बताया कि दो व्यक्तियों की मौत सफदरजंग अस्पताल और पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग में महाराजा अग्रसेन अस्पताल में हुई है। हालांकि, अधिकारी ने यह नहीं बताया कि मौतें कब हुईं और मृतकों के बारे में अन्य विवरण क्या हैं।

राजधानी में एमसीडी की साप्ताहिक रिपोर्ट में इन मौतों की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक राजधानी में डेंगू से कुल तीन मौतें हुई हैं। पिछले साल, दिल्ली में डेंगू से 19 मौतें हुई थीं। दिल्ली में 29 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच सात दिनों की अवधि में, डेंगू के 485 और मामले सामने आए। इस अवधि के दौरान सबसे अधिक मामले नजफगढ़ जोन और उसके बाद दक्षिण दिल्ली जोन में दर्ज किए गए।

पिछले महीने, दिल्ली में डेंगू के 1052 मामले सामने आए थे, जो इस साल अब तक किसी भी महीने में सबसे अधिक है। पिछले सप्ताह 29 सितंबर से अक्टूबर तक मलेरिया के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है, जिसमें 81 मामलों की वृद्धि दर्ज की गई। इस साल मलेरिया के कुल मामलों की संख्या पिछले साल के रिकॉर्ड को पार कर गई है, जिसमें 5 अक्टूबर तक मलेरिया के 511 मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले साल दिल्ली में मलेरिया के 426 मामले सामने आए थे। इसी तरह, चिकनगुनिया के मामलों की संख्या भी बढ़ गई है, जो 5 अक्टूबर तक 69 थी, जबकि 2023 में पूरे वर्ष में इसके 65 मामले सामने आये थे।

एमसीडी के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने अब तक शहर में 43 हॉटस्पॉट की पहचान की है, जहां डेंगू के मामलों के समूह देखे गए हैं। हालांकि, विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अज्ञात मामलों का एक बड़ा हिस्सा, जहां डेंगू के मरीजों का पता अधूरा या गलत है, डेंगू की लड़ाई के लिए चुनौती बना हुआ है।

एमसीडी की साप्ताहिक वेक्टर जनित रोग रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में अब तक 2,115 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 2,010 संक्रमण एमसीडी के अधिकार क्षेत्र के क्षेत्रों में, 26 मामले एनडीएमसी क्षेत्रों में, 66 दिल्ली छावनी में और 13 रेलवे से थे। रिपोर्ट में अतिरिक्त 162 मामलों का भी उल्लेख किया गया है, जहां मरीज दूसरे राज्य में संक्रमित हुआ था।

1,071 अज्ञात मामलों में से 878 मामलों में अधूरे या गलत पते दिए गए थे, जबकि अन्य 193 मामलों में पता तो पता चल गया, लेकिन वह गलत पाया गया। एमसीडी की रिपोर्ट में इन आंकड़ों को दिल्ली के कुल संक्रमणों में नहीं जोड़ा गया है।

एक नगर निगम अधिकारी ने कहा कि अज्ञात मामलों की समस्या मच्छर जनित बीमारी के खिलाफ लड़ाई में बाधा बनती है, जो 14 अक्टूबर 2021 को दिल्ली सरकार द्वारा जारी अधिसूचना आदेशों के उद्देश्य को विफल करती है, जिसमें महामारी रोग अधिनियम के तहत शहर में इस बीमारी को सूचित रोग घोषित किया गया था। अधिसूचना में स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के लिए शहर में निगरानी में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग को डेंगू की सूचना देना अनिवार्य कर दिया गया है।

## संक्षेप

### तहसील गेट से बैखोफ चोर ने युवक की बाइक उड़ाई

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कस्बें एक बार फिर सक्रिय हुये बैखोफ चोर तहसील के गेट पर खड़ी युवक की बाइक चुरा ले गयें ।तहसील से काम निपटाकर वापस लौटे युवक ने बाइक गायब देखकर पुलिस को सूचना दी ।पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर पर मुकदमा ? दर्ज कर पुलिस चोर की तलाश में जुट गयी है ।मोहनलालगंज के जबरौली गांव निवासी प्रांजुल साहू ने बताया बीते शनिवार को वो मोहनलालगंज तहसील में काम से आये थे ओर अपनी बाइक तहसील के गेट नम्बर दो पर खड़ी कर अंदर चले गये, वापस लौटे तो गेट पर खड़ी बाइक गायब थी, काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता ना चलने पर पुलिस को सूचना दी ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित युवक की तहरीर पर अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी गयी है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाकर रेप करने के आरोपी युवक को गुरूवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले पिता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया था उसकी 16वर्षीय बेटी को युवक असलम उर्फ गोलू निवासी डीहा मजरा उतरांवा थाना निगोहां बहलाफुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था ।पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद किया गया तो उसके द्वारा दिये गये बयान में युवक द्वारा रेप करने की पुष्टि हुयी, जिसके बाद पूर्व में दर्ज मुकदमें में रेप व पाक्सो एक्ट के धाराओ की बढोत्तरी कर आरोपी असलम को गुरूवार को फुलवरिया मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# हसन नसरूल्लाह के समर्थन में लखनऊ में जुटे मुस्लिम धर्म गुरु

## डॉ. राजेश्वर सिंह ने व्यक्त की प्रतिक्रिया, कहा मुस्लिम महिलाओं की स्थिति सुधारने को आगे आएं धर्मगुरु

**डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस्लामिक जगत में महिला असमानता पर जताई चिंता, ट्वीट कर की अपील उन्हे बराबरी का दर्जा दिलाएं मुस्लिम धर्मगुरु**

**कई इस्लामिक देशों में शरिया कानून की रूढ़िवादी व्याख्याएं बन रहीं महिला उत्थान में बाधा – डॉ. राजेश्वर सिंह**

**ईरान में कट्टरपंथियों द्वारा महिलाओं की उम्र 9 वर्ष किए जाने की मांग चिंताजनक – डॉ. राजेश्वर सिंह**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरूल्लाह के समर्थन में लखनऊ में मुस्लिम धर्म गुरुओं के इकट्ठा होने की एक खबर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गुरुवार को अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर लिखा काश सभी मुस्लिम विद्वानों को एक साथ आकर इस्लामिक देशों में महिलाओं की खराब स्थिति की निंदा करनी चाहिए थी, उन्हें बराबरी का दर्जा देने के लिए आवाज उठानी चाहिए थी। यह शर्मनाक है कि वे भारत के बाहर आतंकवादी संगठनों के लिए आवाज उठाने के लिए एकत्र हुए।

डॉ. सिंह ने अपनी बात को आगे बढ़ाते इस्लाम और अरब देशों में महिलाओं के विरुद्ध प्रथाओं और कानूनों का उल्लेख किया। विधायक ने पारिवारिक मामलों में असमान कानूनी अधिकारों का उल्लेख करते हुए लिखा कई इस्लामी देशों में, पारिवारिक कानून पुरुषों के पक्ष में हैं। उदाहरण के लिए, सऊदी अरब और ईरान जैसे देशों में, पुरुष अपनी पत्नियों को एकतरफा और आसान तलाक दे सकते हैं।

सरोजनीनगर विधायक ने विरासत के मामले में शरिया कानून के तहत पुरुषों को अधिक अधिकार मिलने, बच्चों की कस्टडी के मामले में पुरुषों को अधिक अधिकार मिलने, ईरान और सऊदी अरब जैसे देशों में अनिवार्य हिजाब का उल्लेख किया। विधायक ने कुछ इस्लामिक देशों में महिलाओं की सीमित राजनीतिक और आर्थिक भागीदारी, सऊदी अरब जैसे देशों में वोट के अधिकार, यात्रा आदि के संबंध में पुरुषों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रश्न चिन्ह उठाया। विधायक ने यमन में विवाह के लिए न्यूनतम आयु का न होने ईरान में न्यूनतम आयु 13 वर्ष होने और कट्टरपंथियों द्वारा इसे 9 वर्ष किए जाने की मांग पर भी चिंता व्यक्त की। डॉ. सिंह ने अफगानिस्तान, जॉर्डन, पाकिस्तान जैसे देशों में घरेलू महिलाओं के विरुद्ध अपराधों हिंसा, ऑनर किलिंग आदि का उल्लेख किया। विधायक ने ईरान और सऊदी अरब आदि देशों में महिलाओं द्वारा परिवार नियोजन, गर्भपात, प्रजनन स्वास्थ आदि विषयों पर महिलाओं के विरुद्ध प्रतिबंधों का उल्लेख किया। अपने विस्तृत ट्वीट में सरोजनीनगर विधायक द्वारा सऊदी अरब में वर्ष 2018 तक महिलाओं द्वारा गाड़ी चलाने पर प्रतिबंध, तालिबान शासन में बेटियों की शिक्षा पर प्रतिबंध का भी उल्लेख किया। विधायक ने अपनी बात को समाप्त करते हुए लिखा कई इस्लामिक देश इन कानूनों में सुधार की बात कर रहे हैं, जबकि कई देशों में शरिया कानून की रूढ़िवादी व्याख्याएं और सांस्कृतिक मानदंड महिलाओं के अधिकारों को प्रतिबंधित रखना चाहते हैं। बता दें कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक मुद्दों पर अपनी बात अकाट्य तर्कों और तथ्यों के साथ रखने के लिए जाने जाते हैं।

# चेकिंग अभियान चलाकर बिजली विभाग ने वसूले 17 लाख

**87 बकाएदारों के तो मौके पर काट दिए कनेक्शन**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजली अभियंताओं ने बकाया वसूली के लिए गुरुवार को शहर के कई हिस्सों में बिजली चेकिंग अभियान चलाया। गोमती नगर के विराम खंड, सहारा बाजार व ग्वारी गांव में 17 बिजली के बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। अधीक्षण अभियंता आशीष सिन्हा के निर्देश पर चलाए गए अभियान में साढ़े पांच लाख से अधिक का राजस्व वसूला गया।

अधिशासी अभियंता धीरज ने बताया कि यह अभियान चलता रहेगा। वहीं चिनहट में अधिशासी अभियंता खालिद सिद्दीकी के निर्देश पर 87 बकायेदारों के कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। यहां 102 उपभोक्ताओं ने 11.40 लाख रुपये बकाया जमा किया। दोनों खंडों में 17 लाख से अधिक राजस्व आया।

### मीटर व सर्विस केबल उखाड़ा...

विश्वास खंड के उपखंड अधिकारी शुभम सिंह, जेई रमेश सिंह की टीमों ने अभियान के दौरान ग्वारी गांव में कलावती के यहां जब जांच की तो उनके परिसर पर एक लाख तेरह हजार बकाया पाया। इनका मीटर व सर्विस केबल उखाड़ लिया गया। शुभम ने बताया कि देर शाम तक कुछ बकायेदारों ने अपना बकाया जमा कर दिया, जिस पर उनके कनेक्शन जुड़वा दिए गए। वहीं चिनहट में 11 बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में 13 परिसर ऐसे मिले, जिनमें कनेक्शन आवासीय था, लेकिन उपयोग अन्य कार्यों में हो रहा था। 41 बिजली कनेक्शन स्थायी रूप से काट दिए गए और 16 उपभोक्ताओं के मीटर बदले गए।

# उत्तर प्रदेश में महंगी नहीं होगी बिजली, 3 करोड़ उपभोक्ताओं को दीपावली से पहले बड़ी राहत

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। महंगाई की मार झेल रहे 3.45 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं के लिए दीपावली से पहले राहत भरी खबर है। चालू वित्तीय वर्ष में भी बिजली की दरें नहीं बढ़ेंगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों की दलीलों को खारिज करते हुए मौजूदा बिजली दरें यथावत बनाए रखने का आदेश दिया है।

घरेलू बिजली की अधिकतम दर 6.50 रुपये यूनिट बनी रहेगी। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) के उपभोक्ताओं की बिजली भी पहले की तरह 10 प्रतिशत सस्ती बनाए रखी गई है।

### ग्रीन टैरिफ 36 पैसे प्रति यूनिट

घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य के लिए आयोग ने अब आठ पैसे घटाकर 36 पैसे प्रति यूनिट ग्रीन टैरिफ तय किया है। नया टैरिफ ऑर्डर अखबार में प्रकाशित होने की तिथि से सात दिनों बाद लागू हो जाएगा।

### सितंबर 2019 से लागू हैं मौजूदा दरें

बिजली की मौजूदा दरें सितंबर 2019 से लागू हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद बिजली की दरों में औसतन 11.69 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। दरें न बढ़ने से शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम बिजली दर जहां 6.50 रुपये प्रति यूनिट बनी रहेगी वहीं ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की दर 5.50 रुपये प्रति यूनिट तक होगी।

### 96,225 करोड़ रुपये मंजूर

बिजली कंपनियों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नियामक आयोग में 1,01,783.45 करोड़ रुपये का एआरआर (वार्षिक राजस्व आवश्यकता) प्रस्ताव दाखिल कर मौजूदा बिजली दरों से 11,203 करोड़ रुपये का राजस्व गैप दिखाया गया था। कंपनियों के प्रस्ताव पर उपभोक्ता संगठनों व अन्य की आपत्तियों व सुझाव मानते हुए आयोग ने एआरआर में कटौती करते हुए 96,225.02 करोड़ रुपये ही मंजूर कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है।

### 2027 तक नहीं बढ़ेगी बिजली दर

आयोग ने राज्य सरकार से बिजली कंपनियों को मंजूर की गई 17,511.88 करोड़ रुपये (पहले से 2900 करोड़ रुपये अधिक) की सब्सिडी और मौजूदा बिजली दरों से 75,351.19 करोड़ रुपये राजस्व मिलने को अनुमोदित किया है। चूंकि, आयोग ने कंपनियों के राजस्व गैप के प्रस्ताव को न मानते हुए उपभोक्ताओं का 1944.72 करोड़ रुपये और सरप्लस उन पर निकाल दिया है, इसलिए न केवल इस वर्ष बल्कि आगे भी बिजली महंगी होने की उम्मीद नहीं है।

विदित हो कि पहले से ही 33,122 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं का सरप्लस है। जानकारों का कहना है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अगले दो वर्षों में भी बिजली की दरें सरकार ही बढ़ने नहीं देगी।

### एनपीसीएल के उपभोक्ताओं को मिलती रहेगी सस्ती बिजली

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ताओं को नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) द्वारा बिजली की आपूर्ति की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कंपनी के पास 1,166 करोड़ रुपये सरप्लस निकलने पर आयोग ने संबंधित उपभोक्ताओं के बिल में पहले की तरह 10 प्रतिशत की छूट बरकरार रखी है।

### अब दरें घटाने की लड़ाई लड़ेगा उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि उत्तर प्रदेश पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां लगातार पांच वर्षों से बिजली की दरें न बढ़ाई गई हों। आयोग के चेयरमैन अरविंद कुमार के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए वर्मा ने कहा कि सरप्लस को देखते हुए बिजली की दरों में कमी कराने के संबंध में वह आयोग में प्रस्ताव दाखिल करेंगे।

# पुलिस ने छात्र-छात्राओं, महिलाओं को जन चौपाल लगाकर किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जौखंडी में प्रशिक्षु शिप्रा पांडेय तथा अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता जन चौपाल का आयोजन किया गया। प्रशिक्षु शिप्रा पांडे ने जन चौपाल में यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।

उन्होने कहा कभी भी आवश्यकता पड़ने पर पुलिस एंटी रोमियो टीम या उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं, छात्र-छात्राओं के लिए जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं जिसमें पुलिस के द्वारा शिकायतकर्ता की पूरी मदद की जाएगी। साथ ही बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया। इसी के साथ ग्रामीण राजरानी, बलदेव, रामस्वरूप तथा मायावती ने अपनी अपनी समस्याएं पुलिस को बताई, जन चौपाल में सैकड़ो की संख्या में महिला तथा पुरुष बालक बालिकाएं मौजूद रहे।

# नशा शरीर के लिये खतरनाक व अपराध का भी मुख्य कारण है:एसपी

**एसीपी ने मोहनलालगंज के भदेसुवा व निगोहां के उतरावां गांवो में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणो को जागरूक, युवाओ से नशा छोड़ने व बच्चो को शिक्षित करने की अपील**

**मोहनलालगंज ।बच्चो के संस्कार और शिष्टाचार उसके खुद के जीवन की नही बल्कि पूरे समाज की दिशा और दशा तय करते है, जिस कारण बच्चो को शिक्षित करना बहुत जरूरी है....उक्त बातें एसीपी रजनीश वर्मा ने**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ पुलिस आप के द्वार₹ अभियान के तहत गुरूवार को निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावां में थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी व मोहनलालगंज कोतवाली के भदेसुवा गांव में प्रभारी निरीक्षक आलोक राव की मौजूदगी में आयोजित ग्राम चौपाल में कही ।एसीपी ने चौपाल में मौजूद युवाओ को नशे के कारण होने वाले मानसिक व आर्थिक नुकसान के बारे में बताने के साथ ही कहा नशा एक सामजिक बुराई है और इस बुराई से लड़ने के लिये समाज के सभी लोगो को एकजुट होना चाहिए ।उन्होने कहा नशा शरीर के लिये बेहद खतरनाक है वही अपराध का भी मुख्य कारण है ।उन्होने युवाओ से नशा छोड़ने की अपील भी की ।एसीपी ने ग्रामीणो व महिलाओ को वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइवर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है ।त्यौहारो में आनलाइन शापिंग करने पर विशेष छूट समेत लुभवाने विज्ञापन सोशल मीडिया पर देकर भी साइबर अपराधी आप को ठगी का शिकार बना सकते है ।इस लिए आनलाइन शापिंग करते समय सतर्क रहे।

अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिक अथवा ओटीपी शेयर न करें ।उन्होने ग्रामीणो से कहा चोरिया होने की अफवाहे व भ्रमक खबरो से सावधान रहे ।गांवो के ऊपर रात्रि में उड़ने वाले ड्रोन कैमरो से डरे ही क्यो कि ड्रान सरकारी कार्य व सुरक्षा की दृष्टि से उड़ाये जा रहे है ।गांवो में रात्रि में आने वाले अंजान लोगो के बारे में तत्काल पुलिस को सूचना दे ।सड़क दुर्घटनाओ को रोकने के लिये ग्रामीणो को यातायात नियमो को बारे में बताया ।उन्होने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया ।इस मौके पर दोनो ही गांवो के प्रधानो समेत सभ्रांत लोग व ग्रामीण मौजूद रहें।

# बरेली सितारगंज हाईवे भूमि अधिग्रहण घोटाला

**दो अवर अभियंताओं का निलंबन**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे व बरेली रिंग रोड के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले के आरोप में निलंबित लोक निर्माण विभाग के दो अवर अभियंताओं का निलंबन हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। इस संबंध में दोनों अवर अभियंता राकेश कुमार व अंकित सक्सेना का निलंबन रद्द होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने उनकी तैनाती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि, घोटाले के आरोपी 15 अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के निलंबन के निर्देश शासन ने दिए हैं। हाईवे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में किए गए घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत के बाद जांच के निर्देश दिए गए थे। बरेली जिला प्रशासन के स्तर पर हुई अलग-अलग जांचों के आधार पर शासन ने आरोपी अधिकारियों व कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए थे।

# बंदियों को बार-बार कोर्ट में नहीं किया जाएगा पेश, जल्द लागू होगी नई व्यवस्था

**यूपी सरकार ने कर दिया इंतजाम**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। माफिया व कुख्यातों को जेल से बार-बार कोर्ट ले जाने के दौरान पुलिस को अब कड़ा सुरक्षा घेरा नहीं बनाना पड़ेगा। वह दिन दूर नहीं जब, बंदियों को जेल से बार-बार कोर्ट में पेशी पर ले जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। तकनीक व नए कानून में दी गई व्यवस्था से यह संभव होगा।

प्रदेश में जल्द बंदियों के बयान से लेकर साक्ष्य पेश करने की प्रक्रिया वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पूरी होगी। बंदी के जेल में रहते हुए ही किसी मामले में उसके विरुद्ध चल रहे मुकदमे का ट्रायल (विचारण) पूरा हो सकेगा। कारागार प्रशासन इसके लिए जल्द प्रदेश की 72 जेलों में वीडियो कांफ्रेंसिंग की 535 नई यूनिट स्थापित कराएगा। शासन ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत कर दिया है।

प्रदेश की जेलों में वर्तमान में 145 वीडियो कांफ्रेंसिंग यूनिट हैं, जिनके माध्यम से बंदियों की 14 दिनों में न्यायिक रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए पेशी होती है। मुकदमे के ट्रायल के दौरान आरोप तय किए जाने, गवाही, बयान, साक्ष्य प्रस्तुत करने से लेकर सजा सुनाए जाने तक आरोपित को कई बार कोर्ट में पेश किया जाता है। पुलिस को बंदियों को कोर्ट में पेश कराने व वापस जेल में दाखिल कराने के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ती है।

माफिया व कुख्यात अपराधियों की पेशी के कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित कराने की चुनौती भी हर बार होती है। ऐसे में नए कानून जेल व पुलिस प्रशासन को बड़ी राहत देने वाले हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत बंदी की वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी कराकर ट्रायल की प्रक्रिया को पूरा कराने का प्रविधान किया गया है। कारागार प्रशासन ने इस दिशा में अपने कदम बढ़ाए हैं।

डीजी कारागार पीवी रामाशास्त्री का कहना है कि जेलों में वीडियो कांफ्रेंसिंग की नई 535 यूनिट स्थापित कराए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कोर्ट जिन मामलों में अनुमति देगा, उनमें पूरे ट्रायल के दौरान बंदी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाएगी। बड़ी जेलों में 10 से 12 नई वीडियो कांफ्रेंसिंग यूनिट लगेंगी।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग ने बढ़ाई सरकारी गवाही

अभियोजन निदेशालय भी सभी जिलों में वीडियो कांफ्रेंसिंग यूनिट की संख्या बढ़ा रहा है। जिनके माध्यम से सरकारी अधिकारियों व कर्मियों ने अपने तैनाती के जिले से ई-गवाही देनी शुरू कर दी है। खास बात यह है कि अब सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी व कर्मचारी अपने निवास के जिले से ही ई-गवाही दे सकते हैं। वर्तमान व पूर्व कर्मियों को अब गवाही के लिए लंबी दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अभियोजन निदेशालय ने बीते चार माह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग चार हजार सरकारी गवाहों को पेश कराया है।

# अवकाश से पूर्व विद्यालय में बच्चों ने मनाया विजयदशमी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। पावन पर्व विजयदशमी के उपलक्ष में जनपद के अनेक शिक्षण संस्थानों में असत्य पर सत्य की विजय प्राप्त कराने वाले पावन त्यौहार विजयदशमी को अवकाश से पूर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जनपद के मलवा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला के तत्वावधान में बच्चों ने पावन पर्व नवरात्रि विजयदशमी के उपलक्ष में डांडिया का आयोजन किया वही असत्य पर सत्य की विजय प्राप्त करने के अवसर में लंका पति दशानन का पुतला बच्चों ने जलाया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला ने भी इस पावन त्यौहार के बारे में त्रेता युग की कथा बच्चों को सुनाते हुए भगवान श्री राम एवं लंका पति रावण के चरित्र का विस्तृत बखान किया वहीं मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बच्चों द्वारा मां जगत जननी एवं महिषासुर जैसे स्वरूप धारण करके सुंदर मंचन कलाकृतियां प्रस्तुत की गई सभी बच्चों ने चढ़ बढकर हिस्सा लिया जिसे देख उपस्थित शिक्षक एवं अभिभावक गण मंत्र मुग्ध हो उठे इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक रविंद्र कुमार नेहा महेजबीन बृजेंद्र अभिभावक अध्यक्ष मिथिलेश कुमारी समेत अन्य अभिभावक गण मौजूद रहें

# यूपी के स्वास्थ्य विभाग में बड़ा फेरबदल, आठ अधिकारियों का तबादला

**चार जिलों में नए सीएमओ तैनात**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं सेवा संवर्ग के संयुक्त निदेशक ग्रेड के आठ अधिकारियों का गुरुवार को तबादला कर दिया गया। इसमें रायबरेली, गाजीपुर, महाराजगंज व कन्नौज में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) तैनात किए गए हैं। वहीं यहां अब तक सीएमओ पद पर तैनात चिकित्साधिकारियों को वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया है।

डा. नवीन चंद्रा को रायबरेली का सीएमओ बनाया गया है। यहां अब तक इस पद पर तैनात डा. वीरेन्द्र सिंह को राजधानी स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल का वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। गाजीपुर का सीएमओ डा. सुनील पांडेय को बनाया गया है। यहां तैनात डा. देश दीपक पाल को बाराबंकी के जिला चिकित्सालय का वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है।

डा. श्रीकांत शुक्ला को महाराजगंज का सीएमओ बनाया गया है। यहां तैनात डा. दिलीप सिंह को राजधानी के बलरामपुर अस्पताल का वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। वहीं डा. स्वदेश गुप्ता को कन्नौज का सीएमओ बनाया गया है। यहां अब तक सीएमओ के पद पर तैनात डा. विनोद कुमार को जिला चिकित्सालय आगरा के वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

# देशी शराब की दुकान से शराब खरीदकर पीने के बाद मजदूर की मौत

**मोहनलालगंज कस्बे में स्थित देशी शराब की दुकान से शराब खरीदकर पीने के चंद घंटो बाद मजदूर की हुयी मौत, शराब ठेके से चंद कदम पर पड़ा मिला शव**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कस्बे में स्थित देशी शराब ठेके से शराब खरीदकर पीने के कुछ घंटो बाद मजदूर की सदिग्धं परिस्थितियों में मौत हो गयी ।शराब की दुकान से चंद कदम पर मजदूर को मरणासन्न हालत में पड़ा देख दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी ।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मरणासन्न हालत में मजदूर को सीएचसी लेकर गयी ।जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के डेहवा गांव निवासी सब्जी विक्रेता मुन्नीलाल का बड़ा बेटा मुकेश(28वर्ष)अपनी पत्नी राजकुमारी व दो साल के मासूम बेटे श्लोक के साथ रहता था, वो मजदूरी कर अपने परिवार के लिये दो जून की रोटी का इन्तजाम करता था ।पिता मुन्नीलाल ने बताया बेटा मुकेश अत्यधिक शराब पीने का लती था जिसके चलते वो बीमार रहने लगा था ।प्रत्यक्षर्शियों की माने तो बीते गुरूवार की दोपहर एक बजे के करीब मोहनलालगंज कस्बे के मौरांवा रोड पर स्थित देशी शराब के ठेके से शराब खरीदकर पीने के बाद कुछ दूरी पर स्थित एक कबाब पराठे की दुकान के पास लेट गया, देर शाम तक मजदूर मुकेश के ना उठने ओर शरीर में कोई हरकत ना होने पर दुकानदार ने फोन कर परिजनो को सूचना दी लेकिन वो मौके पर नही पहुंचे जिसके बाद दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी.तब जाकर मौके पर पहुंची पुलिस मरणासन्न हालत में मजदूर को सीएचसी लेकर गयी ।जहां पर मौजूद डाक्टर ने मजदूर की हालत गम्भीर देख ट्रामा टू रेफर कर दिया ।जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन आनन-फानन एम्बुलेंस से मजदूर को ट्रामा लेकर गयी, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है मजदूर अत्यधिक शराब पीने का आदी था ओर बीमार भी रहता था. पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षेप

### पानी निकास को लेकर लाठी डंडे से की मारपीट, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत सरकारी नाली के गंदे पानी के बहाने व जलभराव को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को लाठी डंडों से पीट दिया। पीड़ित के द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बरखंडिन खेडा - जमीपुर निवासिनी सुनीता पुत्री शिवप्रताप यादव ने थाना बिहार को तहरीर देते हुए बताया कि उसके दरवाजे से सरकारी नाली है जिसकी सफाई न किये जाने व पड़ोसी के द्वारा अत्यधिक पानी बहाए जाने के कारण उसके दरवाजे जल भराव हो जाता है। मना करने पर पडोसी निर्मल पुत्र राजा व निर्मल का पुत्र अनिल ने गाली देते हुए मारा पीटा व डण्डे से मारने की वजह से अंगूठे मे व अंदरूनी चोट आयी है। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कार्यकर्ताओ ने कैंप कार्यालय पर की मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। अपना दल एस द्वारा आज हरदोई रोड स्थित विधानसभा कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने सदस्यता अभियान तेज करने और अपना दल एस की नीतियों को जन जन तक पहुचाने की अपील की। दल के मंडल उपाध्यक्ष श्री पटेल ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बचे हुए बूथ एवं सेक्टर जल्द से जल्द पूरा करे। उन्होंने कहा कि आगामी 17 अक्टूबर को अपना दल के संस्थापक डॉ० सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस है। इस मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी सदस्यता अभियान को गति देते हुए दल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये। श्री पटेल ने कहा कि आगामी 4 नवंबर को दल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाये। भविष्य की सभी बैठको में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता शामिल हो इसके लिए मण्डल उपाध्यक्ष ने विशेष मंथन किया। कार्यक्रम के अंत में जन्नतुन बानो को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने तथा संचालन कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल ने किया। मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल, अल्पसंख्यक मंच के महासचिव अमन खान, सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष बंसीलाल अर्कवंशी, जिला सचिव अमन शर्मा, सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र कटियार, आशीष गुप्ता, अतहर खान, सुनील, मोनू पाल याद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग के तीन अधिकारियों को किया निलंबित

### विद्युत बिल अधिक आने से युवक ने की थी आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एक गरीब परिवार के युवक ने बिजली का बल अधिक आने पर सुसाइड कर लिया था। जिसको संज्ञान में लेते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली विभाग के तीन अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन पर मुकदमा दर्ज करने का भी आदेश जारी हुआ है। मामला अचलगंज थाना क्षेत्र में कुशालपुर गांव का है। जहां परिवार ने अफसरों को मौत का जिम्मेदार ठहराया था। कुशालपुर निवासी शुभम (25) ने पहले 1 लाख 9 हजार रुपए का बिजली बिल प्राप्त किया था। जो उसके लिए अत्यधिक था। इसके बाद उसे अगले महीने फिर से 8 हजार रुपए का बिल भेजा गया। यह बढ़ता हुआ बिल युवक के लिए मानसिक तनाव का कारण बना। जिसके चलते उसने सुसाइड कर लिया। परिवार के सदस्यों का कहना था कि शुभम लगातार इस समस्या से जूझ रहा था और कई बार अधिकारियों से मदद मांग चुका था। लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं मिला। एक बार बिल का सुधार करा दिया गया, लेकिन अफसरों ने दोबारा गलती कर दी। जिसे वह सहन नहीं कर सका। इस घटना के बाद मंत्री एके शर्मा ने संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया।

उन्होंने एसडीओ रवि यादव, जेई आशीष सिंह, और अधिशासी अभियंता गोकुल बाबा सूर्योदय कुमार वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। इन तीनों अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है, मामले की जांच की जा रही है। मंत्री ने कहा कि यदि जांच में कोई अन्य दोषी पाया गया, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना यह दशार्ती है कि बिजली विभाग को उपभोक्ताओं की समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार होना चाहिए। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस तरह की घटनाएं न केवल परिवारों को प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज को भी एक कड़ा संदेश देती हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ताओं की समस्याओं का गंभीरता से ध्यान रखें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। बता दें कि मृतक शुभम घर में सबसे बड़ा था। छोटा भाई मुकेश मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। छोटी बहन कोमल घर पर रहती है। 6 साल पहले शुभम शादी हुई थी। शुभम के दो बच्चे हैं। फिलहाल अभी पिता के द्वारा अचलगंज थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। बिजली बिल ज्यादा आया तो युवक ने दी जानः पहले एक लाख का बिल भेजा, अगले महीने फिर 8 हजार का बिल पहुंचा अचलगंज थाना क्षेत्र के कुशालपुर गांव के रहने वाले एक युवक ने फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पिता ने बताया कि बिजली का बिल अधिक आने से बेटा परेशान था, जिसके चलते उसने यहां कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कुशलपुर गांव के रहने वाले महादेव का बेटा शुभम (25) ने बुधवार की सुबह घर के अंदर बने कमरे में फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह जब शव लटकता देख तो पिता महादेव चीखने चिल्लाने लगे। कुछ ही देर में मोहल्ले के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी परिजनों ने अचलगंज थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक शुभम के शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## डांडिया बिग ताल मिला कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। गुरूवार को अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर डांडिया बिग बैश ताल मिला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हमारे प्रबन्धक महोदय अजय त्रिवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय में अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा अनेक प्रसंग प्रस्तुत किए गए। इसी के साथ अम्बिका प्रसाद मेमोरियल लिटिल किंगडम में आज दशहरा उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने रावण, सीता, राम, और हनुमान के किरदार निभाए और रामायण की झलकियों का मंचन किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बच्चों के भीतर भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति जागरुकता बढ़ाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डेफिनी लेम्यूर एवं लिटिल किंगडम की कोऑर्डिनेटर मनीषा अवस्थी एवम् सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस दौरान डांडिया नृत्य की मस्ती में सभी घंटों झूमते रहे। बाजे-ढोल बाजे समेत अन्य गीतों पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। रंगीलो म्हारो ढोलना, उड़ी उड़ी जाए, ढोल बाजे-ढोल आज नवरात्रि के डांडिया प्रोग्राम में स्कूल परिसर में सभी अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों के साथ अध्यापकों ने भी यहां पर डांडिया खेला और छोटे बच्चों के साथ में नृत्य भी किया। इस डांडिया नृत्य में आकर्षक जोड़ी, आकर्षक परिधान व अच्छे नृत्य प्रस्तुति वालो को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम को थोड़ी देर के लिए विराम देते हुए हमारे देश के महान पुरुष रतन टाटा जी की आत्मा की शांति के लिये मौन धारण किया गया। प्रधानाचार्या डेफने लेम्यूर ने बताया कि अपनी संस्कृति को बचाने एवं बच्चों में, संस्कारमय वातावरण निर्मित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। इस डांडिया बिग बैश ताल मिला नृत्य कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि संरक्षक संतोष त्रिवेदी (बाबू जी) एवं प्रबन्धक अजय त्रिवेदी, दीपा त्रिवेदी, प्रधानाचार्या डेफने लेम्यूर, दिनेश त्रिवेदी व अन्य अतिथि एवं सभी शिक्षकगण सहित बच्चों के अभिभावक गण भी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के उन्नत खेड़ा में बुधवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, मौरावां थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रज्जाक 52 वर्ष पुत्र रमजान रात में साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुरवा क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी पवन पुत्र काली प्रसाद तेज गति से अपनी कार में गुलाहरिया मार्ग से गुजर रहा था। तेज रफ्तार के चलते पवन की कार अनियंत्रित हो गई और उसने रज्जाक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रज्जाक सड़क पर गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और परिजनों को सूचित किया। आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर मार्ग पर जाम लगा दिया और हंगामा करने लगे। पुलिस की सूचना पर थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कार चालक को भी हिरासत में लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता जी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर आज नगर के बाईपास पर पावर हाउस के समीप केंद्रीय कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने नेताजी को याद कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व देश के रक्षा मंत्री रहे नेताजी मुलायम सिंह यादव की आज पुण्यतिथि पर नगर के बाईपास पर पावर हाउस के समीप केंद्रीय कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने उनको याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला अध्यक्ष अल्वी मिश्रा, सपा के जिला सचिव श्रवण कुमार यादव, महिला सभा की गंजमुरादाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मोना सैनी, सपा नेता मुकीम अहमद, रेशमा गौतम, शिवम यादव, पुष्पा राठौर, रामदुलारी, मनीष दीक्षित, आसिफ अली सहित काफी संख्या में समाजवादी उपस्थित रहे। इसी तरह समाजवादी पार्टी के जिला सचिव श्रवण कुमार यादव ने अपने आवास मोहल्ला चौघडा में भी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

## विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों ने मिलकर दशानन का किया दहन

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कंपोजिट विद्यालय में दशहरा छुट्टी के पहले विद्यालय के छात्रों में शिक्षकों ने मिलकर दशानन को का दहन किया वही शिक्षकों ने कहा कि दशानन का दहन झूठ पर सत्य की होती है तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र मे दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण श्याम त्रिपाठी जनपद उन्नाव भ्रमण के दौरान विकासखण्ड सुमेरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट गए और विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को छात्रों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में बाल अधिकार संरक्षण एवं बाल सुरक्षा व शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य एवं उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। त्रिपाठी ने विद्यालय के सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित के गंगा कटरी जैसे सुदूरवर्ती इलाके में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को सराहो त्रिपाठी ने बच्चों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में ₹ दशानन₹ का दहन भी किया। शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित ने जानकारी दी कि बच्चों एवं अभिभावकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर दशानन के 15 फुट ऊँचे पुतले का निर्माण किया था जिसका दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बबलू सिंह, रामेश्वरी, मोहित सिंह, केश कली, राजू सिंह, शिवराज,साधू, अनिकेत, नागेन्द्र, रामसुमेर,मनोज, शैलेष आदि ग्रामीण व बच्चे उपस्थित रहे।

## प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। जनपद भ्रमण दौरान श्याम त्रिपाठी सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग विकासखण्ड सुमेरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट पहुँचे व विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को छात्रों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में बाल अधिकार संरक्षण एवं बाल सुरक्षा व शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य एवं उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। त्रिपाठी ने विद्यालय के सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित के गंगा कटरी जैसे सुदूरवर्ती इलाके में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को सराहा और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह, छोटेलाल, मुकेश सचान, आरती यादव, गोपाल यादव ,विनय शंकर, उषा देवी की भूरि भूरि प्रशंसा की। त्रिपाठी ने बच्चों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में ₹बीमारियों के दशानन₹ का दहन भी किया। शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित ने जानकारी दी कि बच्चों एवं अभिभावकों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर बीमारियों के दशानन के 15 फुट ऊँचे पुतले का निर्माण किया था जिसका दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बबलू सिंह, रामेश्वरी, मोहित सिंह, केश कली, राजू सिंह, शिवराज,साधू, अनिकेत, नागेन्द्र, रामसुमेर,मनोज, शैलेष आदि ग्रामीण व बच्चे उपस्थित रहे।

## जहरीले कीड़े के काटने से सात वर्षीय मासूम की मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाने के अंतर्गत गढ़ेवा गाँव मे जहरीले कीड़े के काट लिए जाने के कारण सात वर्षीय मासूम की उपचार दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गढेवा गाँव निवासी बुद्धिमान की सात वर्षीय पुत्री शिवांशी बुधवार को अपनी माँ के घर के आंगन में सो रही थी। रात में करीब 2 बजे सात वर्षीय शिवांशी अचानक बहुत तेज चीखी। चीख सुनकर घर वालो की आंख खुल गयी। घर वालो के अनुसार जहरीले कीड़ा बच्ची के पैर में काट कर भागता हुए नजर आया। परिजन बच्ची को लेकर जिला अस्पताल भागे लेकिन हालात में कोई सुधार न होने पर कानपुर भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह शिवांशी की मौत हो गयी। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि सूचना पर मौके पर उप निरीक्षक बाबूलाल ने पहुंच कर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## विकास के नित नए आयाम गढ़ रही है ग्राम पंचायत गंजजलालाबाद

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। जनपद उन्नाव हरदोई की सीमा से लगे विकासखंड मल्लावां की सीमावर्ती बहुचर्चित ग्राम पंचायत गंजजलालाबाद ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित के नेतृत्व में नित प्रति दिन विकास के नए आयाम गढ़ रही है। जहां बारिश के पश्चात सफाई कर्मी ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग व गलियों के मार्गो के किनारे जमी घास की सफाई कर रहा है, वही माली ग्राम वाटिका और विद्यालय की बाल वाटिका सेटिंग में लगा हुआ है और कूड़ा घर का भी काम जोरो से चल रहा है। साथ ही खेतहरा मजरे की गलियों में इंटर लॉकिंग लगनी शुरू हो गयी इससे ग्राम वासियो की खुशी देखते हुये बन रही है। क्योकि ये मजरा हमेशा विकास से अछूता रहा कभी किसी जन प्रतिनिधि ने इस मजरे पर ध्यान नही दिया। युवा ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित विकासखण्ड में सबसे योग्य और तेज तर्रार ग्राम प्रधान माने जाते हैं। अपने ग्राम वासियो के हक के लिए कभी भी किसी भी अधिकारी से मिलने व बात करने में कोई कुरेज नही करते हैं। अपने मिलन सार स्वभाव से गाँव की जनता के दिलो पर राज करने वाले विकास खंड के एक मात्र प्रधान हैं। अभिषेक दीक्षित जी शीघ्र ही नवनिर्मित होने वाली पुलिस चौकी का निर्माण कार्य भी शुरू करवाने वाले है। भविष्य में इस पुलिस चौकी को थाने का दर्जा देने के लिए अभी से प्रयत्नशील है जिससे इस क्षेत्र के लगभग 22 ग्रामों की सुरक्षा और बढ़ेगी।

## दुर्गा स्वरूप महागौरी के दर्शन के लिए भक्तो की मंदिरों में लगी भीड़

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से ही दुर्गा मंदिरों में खासी भीड़ देखने को मिली। राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भोर पहर से भक्तों की कतारें लगी रहीं। दिन भर मां का पूजा पाठ चलता रहता है। मंदिरों में बज रहे मां के गीतों व भजनों से नगर भक्तिमय बना रहा। मां महागौरी स्वरूप के दर्शन के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। सुबह से ही मां के जयकारे लगते रहे। राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां महागौरी की विधिविधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया। महिला श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माता के भजन कीर्तन गाए। वहीं नगर के तमाम स्थानों पर जागरण का आयोजन किया गया। जहां माता के गीतों से श्रद्धालु भक्तिमय होकर झूमने लगे। श्रद्धालु हाथ में सजी पूजा की थाल जिसमें नारयिल, चुनरी, धूप, दीप, नवैद्य आदि लेकर अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही मंदिर के पट खोले गए। श्रद्धालुओं में पहले दर्शन करने की होड़ मच गई। इसके अलावा कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग स्थित सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कालोनी स्थित सोमा गौरी मंदिर, गांधीनगर स्थित काली मंदिर, पोनीरोड झंडे चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर, बिन्दानगर स्थित दुर्गा मंदिर, बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ, गंगा विशुनघाट दुर्गा मंदिर, राधा कृष्ण दुर्गा मंदिर पोनी रोड के अलावा तमाम देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों के बाहर मेले जैसा नजारा रहा। पूजा सामाग्री की दुकानों के अलावा अन्य दुकानों पर श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। नवरात्रि को लेकर तमाम श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर देवी मां से सुख-समृद्धि की कामना की। देर शाम तक मंदिरों में देवी भक्तों का मां के दर्शन के लिए आने का सिलसिला चलता रहेगा।

## मंदिर निर्माण के लिए भूमि का किया गया चयन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित एक बैठक में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण हेतु क्षेत्र के ग्राम हफीजाबाद के निकट कल्याणी नदी के पावन तट पर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सर्वसम्मति से भूमि का चयन कर लिया गया है। अब मुहूर्त के अनुसार कल 12 अक्टूबर दिन शनिवार को सायं 03 बजे से भूमि पूजन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। ब्राम्हण समाज ने क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेने की पुरजोर अपील की है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन के लिए छात्रा बनी डीएम व एसपी



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 द्वारा माह अक्टूबर, 2024 से माह दिसम्बर, 2024 तक आयोजित होने वाली गतिविधियों के तहत दिनांक 05.10.2024 को आयोजित कला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज उन्नाव की कक्षा 12 की छात्रा/बालिका राहेमीन को एक दिन का सांकेतिक जिलाधिकारी तथा बालिका खुशबू चैरसिया को एक दिन का सांकेतिक पुलिस अधीक्षक बनाया गया तथा बालिकाओं को उक्त पदों के पदगत दायित्वों की जानकारी प्रदान की गयी, जिससे देश-प्रदेश में बालिकाओं में संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा मिलेगी।

## जनक के करुण विलाप से दर्शक हुए अश्रुपुरित

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में सार्वजनिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में आज सीता स्वयंवर में पहुंचे रावण बाणासुर के मध्य हुए सम्वाद से दर्शकों में रोमांच छा गया, वहीं जनक के करुण विलाप से दर्शक दीर्घा अश्रुपूरित रही। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अंतर्गत ऊगू नगर पंचायत के रामलीला मैदान में सार्वजनिक रामलीला समिति के द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला में आज धनुष भंग लीला का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। सीता स्वयंबर में पहुंचे रावण और बाणासुर के मध्य हुए सम्वाद में वीर रश के छंदों एवं आक्रमक तर्कों से दर्शकों में उत्साह छा गया। किसी भी वीर के द्वारा जब शिव धनुष को उठाना तो दूर तिल भर हिलाया न जा सका तो जनक द्वारा किये गए करुण विलाप ने दर्शकों को अश्रुपूरित कर दिया। वहीं जब भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को खण्डित कर राजा जनक के संकल्प को पूर्ण किया तो सीता जी ने वरमाला पहनाई। शिव शंकर के धनुष टूटने पर हुई घनघोर गर्जना सुन महिद्रा पर्वत पर तपस्या में लीन महारथी परशुराम की तंद्रा भंग हो गई। मिथिला पहुंचें परशुराम जी का क्रोध आसमान छू रहा था, प्रभु श्री राम द्वारा उनके क्रोध को शान्त करने का प्रयास किया गया लेकिन महात्मा जी शान्त न हुए। लक्ष्मण जी परशुराम जी के क्रोध का ही उपहास बना दिया, लेकिन महात्मा के क्रोधित उद्गारों के आगे लक्ष्मण जी कई जगह निउत्तर भी रहे। दर्शकों में परशुराम एवं लक्ष्मण के बीच हुए सम्वाद से भी उत्साह बना रहा। वहीं अपने भाई के प्राणो के बचाव के लिए श्रीराम के द्वारा किया गया करुण विलाप देख सभी भाव विभल हो गए। आयोजक समिति के महामंत्री अवधेश दीक्षित ने बताया कि प्रभु की लीलाओं का मंचन कस्बे के कलाकारों द्वारा एक सौ तैतालिस वर्षों से किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राहुल पटेल द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। नगर पंचायत ऊगू के पूर्व चैयरमैन अनुज दीक्षित ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाने के लिए सभी से अपील कर मेला देखने आने हेतु आग्रह भी किया गया। कृष्ण कुमार द्विवेदी, सुनील शास्त्री, शौरभ पटेल नरेन्द्र सिंह रामू आचार्य, , सुनील कुमार राम नरेश सैनी डा संजीव कन्नौजिया सभासद राजेश पटेल आदि सहित भारी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा।

## एक दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपदस्तरीय एक दिवसीय ज्ञान विज्ञान मेला एवं वैदिक गणित,सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन गोखले सिंह राम जानकी सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर हँसेवा में धूमधाम से किया गया। शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। उद्घाटन के अवसर पर राकेश कृष्ण शाहू जन शिक्षा परिषद उन्नाव के उपाध्यक्ष, श राजबहादुर सिंह , लखनऊ सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक श्याम मनोहर शुक्ल,समय दानी कार्यकर्ता रणेंद्र सिंह,स्थानीय विद्यालय के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,प्रबन्धक व समिति के सदस्य , प्रदीप सिंह ब्रजेंद्र सिंह संतोष कुमार यादव प्रधाना चार्य जैती पुर उपस्थित रहे। सम्भाग निरीक्षक के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्ताविकी के साथ जिले के विद्यालयो से आये बाल वैज्ञानिको ने विज्ञान,गणित व सांस्कृतिक की विभिन्न प्रतियोगिताओं मे अपनी प्रतिभा कर प्रदर्शन किया। विज्ञान व गणित प्रदर्शनी का उद्घाटन राकेश कृष्ण शाहू जी ने नारियल पूजन कर उसे फोड़ कर व, शंख बजा कर किया गया। पुरुस्कार वितरण,उपा ध्यक्ष जी के आशीर्वचन व स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य आनन्द सिंह जी के द्वारा आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम मे जनपद के 47 भैय्या/बहिनों ने प्रतिभाग किया।


## सम्पादकीय

# धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहे भारत-मालदीव के रिश्ते

कई उतार चढ़ाव से गुजरते हुए भारत व मालदीव के संबंध पटरी पर लौट रहे हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत दौरे पर हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की है। मालदीव ने भारत के साथ 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली समझौता किया है, इससे मालदीव को विदेशी मुद्रा संकट से निपटने में मदद मिलेगी। भारत ने नेबर फर्स्ट की अपनी नीति को आगे बढ़ाते हुए मालदीव के वैचारिक रूप से चीनपरस्त राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का गर्मजोशी से स्वागत किया और कई सौगातें भी दीं। भारतीय सेना मालदीव के सैनिकों का प्रशिक्षण करती रहेगी। दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर गातचीत शुरू करने पर सहमत हुए हैं। देर ही सही पर मालदीव के नए नेतृत्व को समझ आ गया कि भारत के बिना मालदीव का काम नहीं चलेगा। भारत अपने पड़ोसियों के लिए जितना भरोसेमंद है, उतना ही मददगार भी। मोदी व राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव में रूपे कार्ड भी जारी किया। इसके अलावा हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया। भारत ने मालदीव को 70 सामाजिक आवास भी सौंपे। भारत थिलाफुशी में एक नये वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता भी करेगा। भारत ने एक व्यापक समुद्री सुरक्षा साझेदारी का दृष्टिकोण अपनाया है। हालांकि कुछ समय पहले भारत और मालदीव के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। मालदीव में भारत विरोधी अभियान के चलते संबंध लगातार बिगड़ रहे थे। दोनों मुल्क के संबंध एतिहासिक रहे हैं। भारत और मालदीव के बीच राजनयिक और राजनीतिक संबंध वर्ष 1965 से हैं। वर्ष 2008 में लोकतांत्रिक परिवर्तन के बाद से, भारत ने मालदीव में राजनीतिक, सैन्य, व्यापार और नागरिक समाज के लोगों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ गहरे संबंध बनाने में काफी समय लगाया है। कारण है कि भारत के दक्षिण में स्थित, मालदीव हिंद महासागर में अत्यधिक रणनीतिक महत्त्व रखता है, जो अरब सागर और उससे आगे के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। इससे भारत को समुद्री यातायात की निगरानी करने और क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने की अनुमति मिलती है। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराना गहरा सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक संबंध है। 12वीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक, बौद्ध धर्म मालदीव में प्रमुख धर्म था। वज्रयान बौद्ध धर्म का एक शिलालेख है, जो प्राचीन काल में मालदीव में मौजूद था। मालदीव के लिए भारत चावल, मसालों, फलों, सब्ज़ियों और दवाओं सहित रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुओं का एक महत्त्वपूर्ण आपूर्तिकर्त्ता है। भारत सीमेंट और रॉक बोल्डर जैसी सामग्री प्रदान करके मालदीव के बुनियादी ढांचे के निर्माण में भी सहायता करता है। जब भी कोई संकट आया, जैसे– सुनामी या पेयजल की कमी, भारत ने लगातार सहायता प्रदान की है। भारत का सुरक्षा सहायता प्रदान करने में ऑपरेशन कैक्टस के माध्यम से वर्ष 1988 में तख्तापलट के प्रयास के दौरान हस्तक्षेप करने तथा मालदीव की सुरक्षा के लिये संयुक्त नौसैनिक अभ्यास आयोजित करने का इतिहास रहा है। मालदीव के पर्यटन विकास में भी में भारत का अहम योगदान है। लेकिन इंडिया आउट राजनीतिक अभियान के चलते दोनों देशों के संबंध में खटास आई। चीन की नजर मालदीव पर है, इसलिए इस अभियान को हवा मिली। आंखमिचौली के बाद अब मालदीव को समझ आ गया है कि भारत कितना जरूरी है। इसलिए राष्ट्रपति मोइज्जू भारत के संबंध सुधारने में जुटे हैं।

## मुद्दा

आर के विज



# चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में मद्रास हाई कोर्ट के एक निर्णय को पलटते हुए स्पष्ट निर्णय दिया है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत एक गंभीर अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो की धारा 15की व्याख्या करते हुए कहा कि इसके तीनों खंड अलग-अलग स्वतंत्र तीन अपराध हैं। यदि कोई व्यक्ति चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करता है और उसे तत्काल नष्ट नहीं करता और न ही पुलिस को उसकी रिपोर्ट करता है तो उसे धारा 15(1) के तहत अपराध माना जाएगा। इसी प्रकार, यदि ऐसी आपत्तिजनक सामग्री डाउनलोड करने के बाद व्यक्ति उसे दूसरों के साथ साझा करने के लिए कुछ कदम उठाता है तो वह धारा 15(2) के तहत तुलनात्मक रूप से पहले से गंभीर अपराध के लिए जिम्मेदार होगा। इसी प्रकार, यदि आपत्तिजनक सामग्री डाउनलोड करने के बाद वह उसे मुनाफे के लिए लोगों से साझा करने के लिए कोई कदम उठाता है वह धारा 15(3) के तहत एक पृथक एवं स्वतंत्र अपराध का भागी होगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धारा 15 की तीनों उप-धाराओं में चाइल्ड पोर्नोग्राफी को दूसरों से साझा करना जरूरी नहीं है। यदि व्यक्ति द्वारा डाउनलोड सामग्री नष्ट नहीं की जाती है तो अपराध के लिए आवश्यक मंशा की अवधारणा की जा सकती है। पोक्सो की धारा 30 के तहत इस अवधारणा का आरोपी द्वारा विरोध किया जा सकता है, परंतु उसे यह संदेह से परे सिद्ध करना होगा कि उसकी मंशा धारा 15 के तहत अपराध करने की नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने धारा 15 के अपराधों को अपूर्ण या अपरिपक्व अपराध, अर्थात गंभीर अपराध घटित करने से पहले की तैयारी वाले अपराध की संज्ञा दी, परंतु इन अपराधों में पुलिस और अभियोजन को आपत्तिजनक सामग्री पर आरोपी का भौतिक या रचनात्मक (कंस्ट्रक्टिव) कब्जा सिद्ध करना जरूरी होगा। ऐसा कब्जा सिद्ध करने पर ही अपराध के लिए आवश्यक मंशा की अवधारणा की जा सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि आईटी एक्ट की धारा 67(बी) चाइल्ड पॉर्नोग्राफी अपराध संबंधी एक पूर्ण कोड है, जिसकी उप-धारा (बी) के अंतर्गत चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ढूंढना, ब्राउजिंग करना, या डाउनलोड करना एक दंडनीय अपराध है। कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट को केवल प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन के आधार पर नहीं बल्कि आरोप-पत्र सहित विवेचना में जुटाई गई समस्त सामग्री का संज्ञान लेने के बाद ही कोई आदेश जारी करना चाहिए था। जब पुलिस द्वारा आरोप-पत्र पोक्सो की धारा 15 के तहत दर्ज किया गया था तो कोर्ट केवल प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन के समय लगाई गई धारा 14 के तहत अंतर्गत निर्णय नहीं कर सकती। फलस्वरूप, सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को गलत ठहराते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट मुकदमे की सुनवाई कर मेरिट पर उसका निराकरण करें। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स/ मध्यवर्ती संस्थाएं की भूमिका पर भी सवाल उठाए। वर्तमान में गृह मंत्रालय के तहत एनसीआरबी द्वारा अमेरिका की एक संस्था 'नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एवं एक्सप्लोइटेड चिल्ड्रन' से एक अनुबंध के तहत इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी संबंधी सामग्री उपरोक्त संस्था से साझा की जाती है, परंतु पोक्सो के तहत ऐसी आपत्तिजनक सामग्री के संबंध में स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी जाती। पोक्सो नियम का नियम 11, इंटरमेडयरीज पर बंधनकारी है जो यह प्रावधान करता है कि पोक्सो के तहत अपराधों की सूचना अनिवार्य रूप से पुलिस को देना एवं आपत्तिजनक सामग्री को एविडेंस हेतु सुरक्षित रखना जरूरी है। यदि इंटरनेट संस्थाएं ड्यू डिलिजेंस के तहत ऐसा करने में विफल रहती हैं तो उन्हें आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत 'सेफ हार्बर' की छूट नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कानून में उपयोग की जाने वाली शब्दावली 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' के उपयोग पर भी आपत्ति जताई।



वायुसेना दिवस

डॉ. एल. एस. यादव

8 अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 92 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। हर चुनौती के समय भारतीय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। भारत 5.5वीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। डीआरडीओ इसे विकसित कर रहा है। यह भारत का पहला स्टील्थ फाइटर होगा। इसका वजन 27 टन होगा। यह भारी और अधिक हथियार ले जाने में सक्षम होगा। इसके बाद भारतीय वायु सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

# निरंतर मजबूत हो रही वायुसेना

आठ अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 92 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। हर चुनौती के समय भारतीय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है। प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। वर्तमान में चीन व पाक सीमा पर चुनौतियां काफी बढ़ी हुई हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 30 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए।

इन चुनौतियों के मद्देनजर भारत सरकार सीमान्त मोर्चों पर किसी भी दुश्मन को कोई अवसर देना नहीं चाहती है। इसके लिए भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की योजना पर काम कर रहा है। तैयार होने पर ये विमान विशेषताओं में राफेल विमान से भी ज्यादा शक्तिशाली होंगे। भारत सरकार इसके लिए भारी धनराशि खर्च करने को तैयार है। इसके लिए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के 50 से ज्यादा सिस्टम अपग्रेड कर अत्याधुनिक बनाया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से अपग्रेड होने के बाद ये विमान काफी खतरनाक हो जाएंगे और अगले तीन दशक तक बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। योजना के तहत पहले 84 सुखोई विमानों को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इनमें अत्याधुनिक राडार सिस्टम को लगाया जाएगा। इससे सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की डिटेक्शन रेंज बढ़ जाएगी। इसके अलावा इनमें अस्त्र मिसाइलों को तैनात किया जाएगा, जिससे 350 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य को नष्ट करना आसान हो जाएगा। भारतीय वायु सेना ने मुख्य लड़ाकू विमान सुखोई विमानों के इंजन के लिए 9 सितम्बर को 26000 करोड़ रुपये का समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड(एचएएल) से किया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की रक्षा मामलों की समिति ने दो सितम्बर को एयरो इंजनों की खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की थी। इस समझौते के तहत एचएएल सुखोई-30 एमकेआई विमानों के लिए स्वदेशी तकनीक के 240 एयरो इंजन(एएल-31एफपी) तैयार करेगा। इनके निर्माण की जिम्मेदारी उड़ीसा के कोरापुर डिविजन को दी गई है। कोरापुर डिवीजन द्वारा तैयार पहला इंजन एक अक्टूबर को वायु सेना को सौंपा जा चुका है। समझौते के तहत एचएएल हर साल ढाई दर्जन इंजनों की आपूर्ति करेगा। इस तरह 240 इंजनों की आपूर्ति आठ साल में पूरी हो जाएगी। इससे वायु सेना को सुखोई-30 विमान बेड़े की परिचालन क्षमता बनाए रखने में मदद मिलेगी। इंजनों के लिए यह समझौता वायु सेना के लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन में कमी आने तथा एचएएल द्वारा स्वदेशी तेजस विमानों की आपूर्ति में देरी की चिन्ताओं को दूर करेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये इंजन 54 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से निर्मित होंगे।




भारतीय वायु सेना को दोहरे मोर्चे पर मिल रही रक्षा चुनौतियों को देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के विमानों के बेड़े को ताकतवर बनाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। अब रूस के साथ सह उत्पादन में नई पीढ़ी के सुखोई-30 एमकेई लड़ाकू विमान बनाए जाएंगे। इसके लिए दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में हुई रूस यात्रा के दौरान भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। एचएएल अपने कोरापुर के करखाने को इन विमानों के निर्माण के लिए विशेष रूप से तैयार कर रहा है। वायु सेना के पास इस समय 259 सुखोई विमान है। इनमें सभी संचालन अवस्था में नहीं हैं। ज्यादातर सुखोई विमान 2000 से 2010 के बीच वायु सेना में शामिल किए गए थे। इन्हें हर 15 साल बाद अपग्रेड किया जाता है। अगले 10 वर्षों के बाद इनकी संख्या काफी कम हो जाएगी, इसीलिए वायु सेना के विमान बेड़े में नए अपग्रेडेड सुखोई विमान जोड़ने की तैयारी कर ली गई है।

रूस भारत का सबसे विश्वसनीय दोस्त रहा है। अब रूस ने अपने सुखोई-75 चेकमेट लड़ाकू विमान की खरीद का ऑफर भारत को दिया है। रूस यह लड़ाकू विमान कम कीमत पर देने को राजी है। यही नहीं रूस सुखोई-75 चेकमेट लड़ाकू विमान की तकनीक भी भारत को देने को तैयार है। रूसी रक्षा अधिकारियों का कहना है कि सुखोई-75 चेकमेट उन देशों के लिए बहुत ही अच्छा है जिनकी सीमा पर चुनौतियां ज्यादा हैं। अत्याधुनिक किस्म के ये विमान राडार की पकड़ में नहीं आते हैं। ये एआई से लैस विमान हैं। इनकी गति 1.8 मैक है और यह 3000 किलोमीटर की दूरी तक के लक्ष्य को नेस्तनाबूद करने की क्षमता रखता है। यह विमान 7.4 पेलोड के साथ 54000 से अधिक की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। यह हवा से हवा तथा हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों को अपने अंदर छिपाए रखता है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक इनकी कीमत कम है। एक सुखोई-75 चेकमेट विमान की कीमत 3 से 3.5 करोड़ डॉलर के लगभग होगी।

भारतीय वायु सेना का विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए देश में निर्मित तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद की जाएगी। अभी कुछ समय पहले 123 विमानों का आर्डर एचएएल को दिया गया था। अब 97 तेजस और खरीदे जाएंगे। उसके बाद 200 और तेजस विमान लिए जाने की योजना है। भारत में अभी तेजस मार्क-1 बनाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जीई इंजन एफ-414 वाले तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमानों का निर्माण देश में शुरू हो जाएगा। तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप इसी वर्ष बन जाएगा और अगले वर्ष से इसका उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। उम्मीद है कि 2026 में इसकी पहली उड़ान पूरी होगी। यह विमान बहुउद्देश्यीय सुपरसोनिक लड़ाकू विमान होगा। इसमें एक या दो क्रू बैठ सकेंगे। इस विमान की लम्बाई 47.11 फुट होगी। इसकी ऊंचाई 15.11 फुट और विंगस्पैन 27.11 फुट के लगभग होंगे। इनकी सबसे बड़ी ताकत इनकी स्पीड है। यह अधिकतम 2385 किलोमीटर प्रति घंटे के गति से उड़ान भरेगा। इसकी कुल रेंज 2500 तथा 1500 किलोमीटर लड़ाकू रेंज होगी। यह 6500 किलोग्राम वजन के हथियार लेकर उड़ सकेगा। भारत 5.5वीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान को विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) इसे विकसित कर रहा है। यह भारत का पहला स्टील्थ फाइटर होगा। इसका वजन 27 टन होगा। यह भारी और अधिक हथियार ले जाने में सक्षम होगा। उपर्युक्त विमानों के मिलने के बाद भारतीय वायु सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। इस तरह वह चीन व पाकिस्तान के दोनों मोर्चों पर किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम होगी।

# व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति




संकलित

दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

# जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें




संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश के विकास का सपना कैसे होगा पूरा?

अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने कहा है कि विकास का राजनीतिक प्रणाली से कोई संबंध नहीं होता। शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, विकास अपने आप होगा। वहीं दूसरी ओर विदेशी निवेशक चाहते हैं कि भारत की रेल, रोड, हवाई और समुद्री यातायात व्यवस्था में सुधार हों तो नए प्रोजेक्टों में निवेश संभव है। हालांकि केंद्र सरकार इसके लिए काम कर रही है। राष्ट्र को विकसित अकेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं बना सकते, इसके लिए जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित होना जरूरी है। राष्ट्रवाद की भावना हरेक को अपनाना भी जरूरी है, लेकिन सवाल तो यह है कि स्वार्थी दौर में ऐसा करेगा कौन? जहां देश की मुख्य संस्थाओं को भी कुछ लोग सरकार के हाथों की कठपुतली मानते हों, यह सब तो भारत के विकसित राष्ट्र बनने की राह में बाधा है। **-संजय काले**, रायगढ़

## ट्रेंड

### संपूर्ण समाज दृष्टिकोण



भारत की स्वास्थ्य प्रणाली प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर देने के साथ सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने के लिए 'संपूर्ण सरकार' और 'संपूर्ण समाज' दृष्टिकोण को अपनाती है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### स्पष्ट विफलताओं पर पर्दा



नरेंद्र मोदी जी वही पुरानी बातें दोहराने वाले आपके बासी व्याख्यान अर्थव्यवस्था के हर पहलू को प्रभावित करने वाली आपकी स्पष्ट विफलताओं पर पर्दा नहीं डाल सकते। घरेलू देनदारियां वास्तविक रूप से 2013-14 से 2022-23 तक 241% की वृद्धि हुई है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### सुरक्षा से खिलवाड़ मत करो



याद है न अरविन्द केजरीवाल दिल्ली में सीसीटीवी लगवाने के लिए धरने पर बैठे थे। वो कैमरा प्रधानमंत्री की भतीजी का बैग चुराने वाले को पकड़ने में काम आया। मार्शल हटवाकर महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ मत करो बीजेपी वालों।

-संजय सिंह, आप नेता

### 'सुनो' और 'मौन' एक जैसे



'सुनो' और 'मौन' एक जैसे अक्षर साझा करते हैं, जो हमें सिखाते हैं कि प्रभावी संचार के लिए दूसरों को सुनना और कब रुकना और प्रतिबिंबित करना है, दोनों की आवश्यकता होती है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# डाउनिंग स्ट्रीट में नए 'चीफ ऑफ स्टाफ' की नियुक्ति



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने एक 'एक बड़ी हस्ती के इस्तीफे' के बाद सोमवार को नए 'चीफ ऑफ स्टाफ' की नियुक्ति की। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री की लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल के पहले 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) '10 डाउनिंग स्ट्रीट' स्थित शीर्ष टीम में व्यापक फेरबदल के बीच की गई है। शीर्ष सिविल सेवक रह चुकीं सू ग्रे को पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने तत्कालीन 'टोरी' सरकार में कोविड-19 महामारी के दौरान महामारी संबंधी कानून का उल्लंघन कर जश्न के आयोजन से संबंधित 'पार्टीगेट' मामले में जांच के लिए नियुक्त किया था।

## ऑफ बीट

# क्या कुत्ता पालना आपके स्वास्थ्य के लिए सही है?



एक साथी के तौर पर कुत्ता पहली पसंद होता है लेकिन मानसिक स्वास्थ्य को कुत्ता पालने का दूसरा सबसे आम कारण बताया जाता है। हम में से कई लोग कहते हैं कि कुत्ता पालने से हम ''स्वस्थ महसूस करते हैं'' – और उन्हें अपने शयनकक्ष में सोने देते हैं। कुत्तों के साथ अपने घरों को साझा करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए क्या मायने रखता है? क्या कुत्ता पालने से कोई शारीरिक स्वास्थ्य लाभ होता है? कुत्ता पालने से कालांतर में मृत्यु का जोखिम कम होता है। 2019 में, एक व्यवस्थित समीक्षा में 70 वर्षों में प्रकाशित साक्ष्य एकत्र किए गए, जिसमें लगभग 40 लाख चिकित्सा मामले शामिल थे।

## संक्षेप

### जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए श्री दुर्गा पूजा (नवरात्रि)/श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जन/दशहरा, महर्षि बाल्मिकी जंयती, दीपावली, छठपूजा पर्व आदि आगामी त्यौहारों तथा विभिन्न परीक्षाओं को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्टेज्ट श्री रंजन द्वारा जारी आदेश के समस्त 27 प्रस्तर 12 अक्टूबर 2024 से 08 दिसम्बर 2024 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

### बांदा में क्लीनिक संचालक पर फायर करने वाला गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा, बांदा के बिसंडा थाना क्षेत्र में एक दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक प्राइवेट क्लीनिक पर धावा बोल दिया। उन्होंने रंगदारी की मांग की और क्लीनिक के स्टाफ और डॉक्टर के साथ जमकर गाली-गलौज की। इस दौरान दबंग ने डॉक्टर पर देसी तमंचे से फायर भी कर दिया, जिससे वहां दहशत का माहौल बन गया। डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ ने पुलिस से जान की सुरक्षा की गुहार लगाई। यह घटना बिसंडा कस्बे में अतर्रा रोड पर स्थित डॉक्टर कृष्ण मोहन तिवारी के क्लीनिक में हुई। 28 तारीख की रात करीब 12 बजे, रणविजय सिंह उर्फ मोनू गौर और उसका साथी आशुतोष पटेल आधा दर्जन अन्य लोगों के साथ क्लीनिक पहुंच गए। उन्होंने डॉक्टर तिवारी से रंगदारी की मांग की। जब डॉक्टर ने पैसे देने से इनकार किया, तो रणविजय ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि डॉक्टर पर फायर भी किया और क्लीनिक बंद करने की धमकी दी। घटना के बाद, डॉक्टर ने बिसंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामले की गंभीरता को समझा और रणविजय सिंह उर्फ मोनू के खिलाफ 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अब विधिक कार्रवाई जारी है। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं में सुरक्षा की आवश्यकता पर भी सवाल उठाती है, जब डॉक्टरों को अपनी जान की सुरक्षा के लिए पुलिस का सहारा लेना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने भी इस मामले में पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

# महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा अनंताकार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के लिए संचालित 90 दिवसीय मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा वन स्टाप सेण्टर में प्रेरक महिलाओं तथा बालिकाओं की पहचान व सम्मान के लिए मेगा इवेन्ट अनंता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैंक सखी के रूप में सफल कार्य कर समाज में महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी स्वयं सहायता समूह की बैंक सखी अनामिका पासवान, कामिनी देवी, छाया देवी, मनीषा व कु. ममता के सफलता के बारे में मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को जानकारी प्रदान की गयी। इसके अलावा कार्यक्रम में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यंमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना, मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19), स्पान्सर योजना, निराश्रित महिला पेशन योजना (विधवा पेंशन), वन स्टाप सेन्टर, तथा चाइल्ड लाइन की कार्य प्रणाली एंव वहां से प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

## पुलिस ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत उपनिरीक्षक राहुल सिंह एवं आरक्षी गोविन्द यादव, अवधेश कुमार ने शारदीय नवरात्र के 7वें दिन क्षेत्र के दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। तत्पश्चात पूजा समिति के पदाधिकारियों कों पंडाल प्रबंधन से सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिए। जानकारी के लिए बताते चले कि बसभरिया, कलवारी, कुतुबुद्दीनपुर, बरगदहा, दुगार्पुर सहित क्षेत्र के अन्य स्थानों पर स्थापित माँ जगत जननी के पूजा अर्चना कों शांतिपूर्ण, भय मुक्त और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने कों लेकर स्थानीय पुलिस बल लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार रात बसभरिया गांव में स्थापित दुर्गा पूजा पंडाल का उपनिरीक्षक राहुल सिंह ने जायजा लिया। मौके पर मौजूद समिति पदाधिकारियों से बातचीत कर शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाये जाने कों लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।समिति अध्यक्ष राकेश कुमार व गुड्डू आर्य, दुर्गेश तिवारी, रामसेवक, धीरज गिरि, बिनीत गिरि, कैलाश आर्य, राहुल सोनकर आदि ने पुलिसकर्मियों कों अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

## उ0प्रा0वि0 परसिया आलम में छात्राओं को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान पेज 5 के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया आलम पयागपुर में छात्राओं को जागरूक किया गया तथा समस्त हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा खुशी तिवारी को 1 दिन का प्रधानाध्यापक बनाया गया जिसके पश्चात विद्यालय संचालन, छात्राओं की समस्या तथा समाधान, कार्यालय अभिलेख एवं विद्यालय के प्रगति संबंधित शिक्षकों से चर्चा परिचर्चा करती हुई सांकेतिक छात्रा में नेतृत्व क्षमता का विकास एवं दायित्व निर्वहन जैसे कौशल का विकास हुआ। इसके अलावा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्प डेस्क एंटी रोमियो स्क्वायड बालश्रम उन्मूलन यूपी 112 वूमेन पावर लाइन 1090 सुरक्षा आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर ओंकार नाथ सैनी, नवल कुमार पाठक, संध्या रानी एवं समस्त छात्र, छात्राएं एवं रसोईया आदि उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने किया छात्राओं को जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। सन डी सन इंटर कॉलेज उन्नाव में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद ने बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं और शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए पुलिस विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देने के साथ साइबर अपराध से सचेत रहने, महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराधों से बचाव एवं सोशल मीडिया के प्रयोग मे बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह ने स्वयं और दूसरों को जागरूक कर सुरक्षित रखने के गुर बताए। कार्यशाला का बड़ा ही प्रेरक संचालन पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के डॉ आशीष श्रीवास्तव ने किया। इस सर्व उपयोगी कार्यशाला के आयोजन हेतु विद्यालय तंत्र से प्रधानाचार्या तबस्सुम नफीस ने अपर पुलिस अधीक्षक सहित पूरे विभाग के प्रति आभार जताया।

## ब्रम्हचारी स्थान तेलियनपुरवा मे संकीर्तन व कन्याभोज हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डल्लापुरवा के मजरा तेलियनपुरवा स्थित ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर अरसे से शारदीय नवरात्रि में संकीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन होता रहा है।इसी क्रम में इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि में ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर आज कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विगत दिवस पूर्व से अखंड संकीर्तन का कार्यक्रम रखा गया था जिसका पूणार्हुति के साथ आज समापन हुआ तत्पश्चात विधिवत पूजन अर्चन करते हुए भारी संख्या में कन्याओं को भोज कराकर उनसे गांव के कल्याण का आशीर्वाद लिया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत के कई मजरों से पधारे गणमान्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों सहित सैकड़ो भक्तों को भोजन प्रसाद खिलाया गया। कार्यक्रम को संपन्न करने हेतु सैकड़ो की संख्या में मजरा तेलियनपुरवा के भक्त जनों का सहयोग प्राप्त हुआ जिसमें शारदा प्रसाद शुक्ला, पूणार्नंद मिश्रा, कनौजीलाल मिश्रा, रामकुमार आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जागरण पार्टी में मां के भजनों पर झूमे भक्त

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। नवरात्रि महोत्सव का सातवां दिन भक्तों के लिए विशेष उल्लास और भक्ति से भरपूर रहा। बुधवार को माता रानी की पूजा के साथ भक्तों ने जगत जननी मां भगवती की आराधना की। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मां दुर्गा के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। नवरात्रि के इस पर्व पर पूजा पंडालों में मां शेरावाली के जयकारों से गूंजती हुई भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद लिया। कैसरगंज तहसील मुख्यालय सहित आस-पास के इलाकों में माता रानी की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। भक्तों ने मां दुर्गा के चरणों में नतमस्तक होकर अपनी मनोकामनाएं रखीं। गांव कडसर में बुधवार शाम को भव्य जागरण के कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप मे संदीप सिंह ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर कार्यक्रम को शुरू कराया। पूजा पंडालों में भव्य सजावट और आकर्षक झांकियों ने भक्तों का ध्यान खींचा। मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जो पूजा स्थलों की शोभा बढ़ा रहे थे। हर तरफ भक्तों का हुजूम था जो मां की भक्ति में लीन होकर पूजा-अर्चना में व्यस्त थे। भव्य जागरण में सभी नें भाग लेकर मां की महिमा का गुणगान किया।

## मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी बनी छात्रा अनुराधा

**अमन लेखनी समाचार/फैजान**



कैसरगंज, बहराइच। मिशन शक्ति अभियान के तहत खण्ड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र बहादुर चौधरी ने कक्षा 8 की छात्रा सुश्री अनुराधा को एक दिन के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौंपा। कुर्सी संभालते ही बीईओ और एआरपी ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अभिनव पहल के तहत सुश्री अनुराधा ने जितेन्द्र बहादुर चौधरी के साथ प्राथमिक विद्यालय शाहपुर रसूलपुर, वैरीमहेशपुर प्रथम, वैरिमहेशपुर द्वितीय, कहरई, उच्च प्राथमिक विद्यालय वैरीमहेशपुर सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालयों में उपस्थित बालिकाओं ने यह देखकर गर्व महसूस किया कि एक छात्रा खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर आसीन है। निरीक्षण के उपरान्त ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजित संकुल शिक्षक बैठक का नेतृत्व किया। गुरुवार को इस क्रम में सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक दिन के लिए बालिकाओं को प्रभारी प्रधानाध्यापक नियुक्त किया गया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य नारी सुरक्षा,नारी सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है,जिससे समाज में महिलाओं की भूमिका सशक्त हो सके। इस पहल से बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिला। इस नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम में एआरपी अरविन्द कुमार शुक्ल, अरविन्द शर्मा, महेन्द्र कुमार चौधरी, कृपा शंकर दुबे, सुनील सोनी और शिक्षक मनोज सिंह प्र.अ. प्राथमिक विद्यालय गुलरिहा गाजीपुर एवं अमित कुमार स.अ. गुलरिहा गाजीपुर का सराहनीय योगदान रहा।

# दीपावली पर्व को देखते डीएम व एसपी ने प्रमुख मार्गों का किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनजर जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने बड़े चौराहे से गांधी नगर तिराहे तक पैदल मार्च कर शहर की यातायात व्यवस्था और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि दीपावली के दौरान शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से बचने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी करने और सड़कों पर रखे बिजली के खंभों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष जोर दिया कि त्योहार के समय सड़कों पर जाम की समस्या न हो और खरीदारी करने आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने व्यस्त चौराहों का निरीक्षण करते हुए बताया कि गांधी नगर तिराहे तक सड़कों का नवीनीकरण किया जा रहा है। गड्ढों को भरा जा रहा है और सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के काम को प्राथमिकता दी जा रही है। डीएम ने कहा कि दीपावली से पहले सभी प्रमुख सड़कों को जाम मुक्त बनाना और अतिक्रमण हटाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागों को तेजी से काम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम नरेंद्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह, तहसीलदार अवनीश चौधरी, नगर पालिका के ईओ और एसडीएम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा ताकि दीपावलीका त्योहार शांति और सुव्यवस्था के साथ मनाया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि दीपावली के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# देवी पूजन कर कराया कन्या भोज

**सांस्कृतिक डांडिया नृत्य कर बालिकाओं ने गाए देवी जस**

**अमन लेखनी समाचार**



ललितपुर /जिला मुख्यालय निकटवर्ती प्राथमिक विद्यालय रजवारा में विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित नवरात्रि के अवसर पर डांडिया महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसमें कक्षा एक की छात्रा रितिका को मां दुर्गे का स्वरूप धारण करवाते हुए कक्षा 2, 3, 4, 5 की कन्याओं ने उनके समक्ष डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया एवं देवी मां की पूजा अर्चना की। बच्चों में बहुत ही जोश उमंग के साथ माता रानी के भजनों पर ।सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में कला के प्रदर्शन का मौका मिला जिसमे बच्चे ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं नृत्य और गायन में अपनी सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुति देते हैं शिक्षा के साथ बच्चों में खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम के प्रति रुचि और उत्साह भरने में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं प्रधान अध्यापक का विशेष योगदान रहता है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक नीलम जैन शिक्षिका अंजलि तिवारी ,ज्योति ,मंजू शिक्षामित्र रूप कांता उपस्थित रहे ।विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को कन्या भोज आयोजन किया गया जिसमें सारी कन्याओं को उनके माध्यध भोजन के अंतर्गत पूरी खीर आदि स्वादिष्ट भोजन परोस पर कन्याओं का पूजन किया गया एवं बालकों को भी सम्मान स्वादिष्ट भोजन कराया गया बाद में विद्यालय में काम करने वाली सभी रसोइयों मां का विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने धन्यवाद किया।

# बांदा में बैंक सुरक्षा चेकिंग अभियान

**लूट, छिनैती, चोरी और टप्पेबाजी को रोकने के लिए चला अभियान**

**अमन लेखनी समाचार**



बांदा, बांदा में एसपी अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में बैंकों और एटीएम के आसपास होने वाली लूट, छिनैती, चोरी और टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एक सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने एटीएम और बैंक शाखाओं का निरीक्षण किया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बैंकों और एटीएम में लगे सुरक्षा उपकरणों, जैसे सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म और अग्निशामक यंत्रों की जांच की। इस दौरान कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे खराब पाए गए, जिस पर पुलिस ने बैंक अधिकारियों से बात कर उन्हें सुधारने के लिए निर्देशित किया। पुलिस ने बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत कर यह सुनिश्चित किया कि बैंक का कार्य सुचारू रूप से चले और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाए। बैंक में तैनात सुरक्षा गार्डों को निर्देश दिए गए कि वे ग्राहकों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करने की सलाह दें, ताकि सड़क पर चलने वाले वाहनों और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम और बैंकों के आसपास टहल रहे संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की भी जांच की गई। एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनता को सुरक्षित माहौल प्रदान करना और बैंकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें, ताकि बैंक में आने वाले ग्राहकों को सुरक्षा का अनुभव हो सके। यह सघन चेकिंग अभियान बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगा और लोगों में सुरक्षा का विश्वास पैदा करेगा।

# गाय के गोबर से बने दीपक से महकेगा घर और पर्यावरण

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक व अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने दीपों के त्योहार दीपावली पर इस बार न केवल लोगों का घर बल्कि पर्यावरण भी महकेगा. शहर की करीब सैकड़ो महिलाओं के एक संस्था ने दीपावली पर गाय के गोबर से दीपक, धूपबत्ती, पूजा की थाली समेत पच्चीस प्रकार के सामान तैयार किए हैं. गाय के गोबर से निर्मित ये दीपक और अन्य पूजन सामग्री जहां घर को महाकाएंगी, वहीं इनमें मौजूद तुलसी, अश्वगंधा जैसे बीजों से नए पौधे भी तैयार हो सकेंगे महिलाओं ने अब तक एक लाख दीपक और अन्य पूजन सामग्री की बिक्री कर दी है. साथ ही 51 लाख दीपक बेचने का लक्ष्य रखा है. संस्था के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि हम गाय के गोबर से करीब सौ से अधिक प्रोडक्ट तैयार करवाते हैं. इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षित करते हैं गाय के गोबर से दीपक, पूजा की थाली, स्वास्तिक, ओम, धूपबत्ती जैसे पच्चीस प्रोडक्ट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया है. अब ये महिलाएं अलग-अलग ग्रुप में घर पर ही गाय के गोबर से दीपक और अन्य पूजन सामग्री तैयार कर बिक्री कर रही हैं अब तक सवा लाख दीपक बिके अंकित ने बताया कि इस बार दीपावली पर 51 लाख दीपकों के बिक्री का लक्ष्य है. अब तक महिलाओं की ओर से निर्मित सवा लाख दीपक की बिक्री हो चुकी है. शहर के काशीराम निवासी महिला गुड्डी ने बताया कि करीब 8 महिलाएं घर पर ही गाय के गोबर से दीपक व अन्य सामान तैयार करती हैं. इसके लिए आस-पड़ोस की पालतू गाय और सड़कों पर घूमने वाली गायों का गोबर इकट्ठा कर लेती हैं. आरती ने बताया कि अब तक 25 हजार दीपक और अन्य सामान तैयार किए हैं, जिसमें से 20 हजार दीपक बिक चुके हैं. इसी तरह अन्य ग्रुप की महिलाएं भी घरों पर ही दीपक तैयार कर वहीं पर बिक्री कर रही हैं हर आकार के दीपक कि महिलाओं ने 8 प्रकार के अलग अलग आकार और डिजाइन के दीपक तैयार किए हैं. ये 1 रुपए से 10 रुपए तक कीमत के हैं. इसके अलावा 10-10 रुपए कीमत के स्वास्तिक, ॐ, श्री, पूजन थाली, 50 रुपए से 150 रुपए तक के लक्ष्मी- गणेश जी, 15 रुपए की धूप बत्ती आदि तैयार की है गाय के गोबर से बने सामान शुद्धः अंकित शुक्ला ने बताया कि गाय के गोबर से निर्मित सभी सामान शुद्ध और पवित्र माने जाते हैं. इसलिए दीपावली पर लक्ष्मी पूजन में इनके उपयोग का विशेष महत्व है. माना जाता है कि गाय के गोबर से निर्मित धूप बत्ती और दीपक जलाने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है दीपक से निकलेगा पौधाः अंकित ने बताया कि मिट्टी के दीपक आग में पकने के बाद आसानी से मिट्टी में नहीं मिलते, लेकिन गाय के गोबर से निर्मित दीपक आग में पका हुआ नहीं होने की वजह से आसानी से गलकर मिट्टी में मिल जाता है. साथ ही हम प्रत्येक दीपक में तुलसी और अश्वगंधा जैसे पौधों के बीज भी मिलाते हैं. दीपक जलाने के बाद दीपक को जहां कहीं मिट्टी में डालेंगे वहीं पर वो बीज अंकुरित हो जाएगा और पौधा उगेगा. इससे पर्यावरण को भी फायदा पहुंचेगा गाय के गोबर से दस हजार रुपए माह तक कमाई कि गाय के दूध के अलावा गाय के गोबर से भी आमदनी की जा सकती है. यदि गाय के गोबर से प्रोडक्ट तैयार कर बिक्री की जाए तो हर माह 3 हजार से 10 हजार रुपए तक की आमदनी हो सकती है. उससे गायों को आवारा नहीं छोड़ना पड़ेगा और परिवार के लिए अतिरिक्त आमदनी का साधन तैयार हो जाएगा अंकित शुक्ला ने बताया कि हिंदू रीति-रिवाज में गाय के गोबर की पूजा होती है। इसका महत्व उस समय और बढ़ जाता है, जब दिवाली पर गणेश-लक्ष्मी और गोवर्धन की पूजा होती है इनसे गोशालाएं भी आत्मनिर्भर बनेंगी और गो माता किसी को बोझ नहीं लगेगी। इस कार्य से प्रदेश भर के लोगों को रोजगार भी मिल रहा है गाय के गोबर से बने दीपक पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं।

## अमेठी में पैमाइश के बाद दो पक्ष भिड़े

**❍ दोनो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिला, अमेठी के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में बीती शाम बिराहिम बाजगढ़ गांव में बैनामे की जमीन की पैमाइश के बाद दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें लाठी-डंडों और लात-घूंसों का जमकर इस्तेमाल हुआ। इस मारपीट में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल सीएचसी ले जाया गया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के सत्थिन चौकी अंतर्गत बिराहिम बाजगढ़ गांव की है। सोमवार शाम को राजस्व निरीक्षक और लेखपाल की मौजूदगी में विवादित जमीन की पैमाइश की गई थी। पुलिस बल के साथ राजस्व कर्मियों द्वारा सीमांकन शांतिपूर्वक किया गया

# कादीपुर में शुरू हुई विजेथुआ महोत्सव की तैयारी

**❍ विधायक ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, रामभद्राचार्य कहेंगे कथा**

**अमन लेखनी समाचार**



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले विजेथुआ महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह महोत्सव 31 अक्टूबर तक पांच दिनों तक चलेगा, जिसमें पहले चार दिनों तक जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज राम कथा का प्रवचन करेंगे। कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कादीपुर विधायक राजेश गौतम और एसडीएम कादीपुर ने स्थलीय निरीक्षण किया और उचित दिशा-निर्देश दिए। सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड के सीईओ विवेक तिवारी ने जानकारी दी कि इस वर्ष भी विजेथुआ महोत्सव सूरापुर स्थित हनुमान जी के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन 26 अक्टूबर को होगा और इसका समापन 31 अक्टूबर को होगा। अंतिम दिन भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए एक खास आकर्षण होगा। इस निरीक्षण के दौरान विधायक राजेश गौतम ने आयोजक कमेटी के सदस्यों और प्रशासन के साथ मिलकर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्र के प्रतिष्ठित जनों के साथ बैठक की और आयोजन की योजना पर चर्चा की। उपजिलाधिकारी उत्तम तिवारी के साथ मिलकर उन्होंने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और सभी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर रितेश द्विवेदी, डॉ. सुरेंद्र तिवारी, मनोज तिवारी, राम विनय सिंह, अंबरीश मिश्र, जगदम्बा उपाध्याय और विक्की वर्मा जैसे कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। उधर, विजेथुआ महावीरन धाम पर पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे गेट के निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायतें भी सामने आई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ठेकेदार ने घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया है, जिससे सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। फोटो और वीडियो में भी निर्माण सामग्री की खराब गुणवत्ता दिखाई गई है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।

# संक्षेप

## मेरठ में युवक की हत्या, झाड़ियों में मिली लाश

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र के लिसाड़ी गांव में रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में एक युवक की सड़ी हुई लाश मिली है। आशंका है कि युवक की हत्या कर किसी ने उसे मारकर यहां झाड़ियों में फेंक दिया है। या ट्रैक के पास ट्रेन से टकराकर युवक यहां गिर पड़ा हो और मौत हो गई हो। फिलहाल पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। युवक की पहचान खालिद पुत्र इंसाद निवासी एमएस गार्डन थाना लिसाड़ी गेट मेरठ के रूप में हुई है। लाश के पास उसकी चप्पलें अलग मिली हैं। लेकिन लाश काफी पुरानी और सड़ी गली है। वहीं मृतक के घरवालों का कहना है कि खालिद पिछले 4 दिनों से लापता था। हम उसे तलाश रहे थे। आज उसकी लाश मिली है। खालिद के घरवालों ने बताया कि बेटे की लगभग 4 साल पहले शादी हुई थी। उसकी पत्नी मुस्कान, 3 साल का बेटा है और पत्नी चार महीने की गर्भवती है। सुबह-सुबह राहगीरों ने यहां झाड़ियों में लाश देखी और लोहिया नगर थाना पुलिस को सूचित किया। मौके पर पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रहे हैं। घरवालों ने बताया कि बेटा चार दिन पहले काम पर गया था। वहीं से इसे कुछ युवक उठाकर ले गए थे उन्होंने ही इसकी हत्या की। घरवालों ने युवक के दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। घरवालों ने लिसाड़ी गेट थाने में चार दिन पहले गुमशुदगी की शिकायत दी थी हालांकि अभी तक वो लिखी नहीं गई थी। लोहिया नगर थाना प्रभारी का कहना है कि बॉडी मिली है जांच की जा रही है। घरवालों ने दो युवकों पर आरोप लगाया है पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मेरठ में सैकड़ों लोगों ने थाने का किया घेराव

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के मवाना थाना क्षेत्र के शिवनगर से पांच दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए युवक सत्यम की बरामदगी की मांग को लेकर उसके परिजनों ने समाज के लोगों के साथ थाने के सामने उग्र प्रदर्शन किया। गुस्साए परिजन सड़क पर बैठ गए और सत्यम को न्याय दो, अपराधियों को गिरफ्तार करो, पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाते हुए सड़क जाम कर दी। इस दौरान लापता युवक के परिजनों ने बसपा नेता सुनीत कोकी के नेतृत्व में थाने के सामने धरना दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस चार दिन से मोटर बोट लेकर नहर में युवक की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। शिवनगर के सत्यम की पांच दिन पहले संदिग्ध हालात में गुमशुदगी की सूचना मिली थी। पुलिस की शुरूआती जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। एक आरोपी, निशांत, की गिरफ्तारी के बाद उसने सत्यम की हत्या कर उसे नहर में फेंकने की बात कबूल की थी।

पुलिस लगातार गोताखोरों और मोटर बोट की मदद से सत्यम की तलाश में जुटी है, लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। सत्यम की बरामदगी में हो रही देरी से नाराज परिजनों का सब्र टूट गया।

# आईटीएम के छात्रों ने निर्माण किया प्रभु राम की तस्वीर आते जल जाएगा रावण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के छात्रों ने एआई तकनीक आधारित डिवाइस से रावण का पुतला दहन करेंगे ये रावण ना आग सें जलेगा ना रिमोट, और ना हीं मोबाइल फोन सें भगवान राम की तस्वीर सामने लाते हीं रावण दहन होगा इस विजय दशमी पर आईटीएम गीडा बीटेक के पांच छात्र प्रशांत शर्मा, प्रणव शर्मा, अनपूर्णा सिंह, श्रुति पाण्डेय, प्रियांशु शुक्ला, ने मिलकर एक ऐसा एआई रावण तैयार किया है जो आग सें नहीं बल्कि भगवान श्री राम की तस्वीर देख कर हीं रावण दहन हों जायेगा छात्रा श्रुति पाण्डेय ने बताया इस रावण को बनाने में हमें 5 दिन का समय लगा और ग्यारह हजार रुपए का खर्च आया हैं संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने बताया कि कॉलेज के इन्नोवेशन सेल में संस्थान के सभी विभागों के छात्र अपने नए नए विचारों पर शोध करते रहते हैं छात्रों की इस उपलब्धि पर पर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया ,सचिव श्यामबिहारी अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ,संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल साहित्य संस्थान के सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।


# मां के पट खुलते ही जयकारे से गुंज उठे पांडाल



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने क्षेत्र में नव दिनों के चल रहे नवरात्र पर्व के सप्तमी के रात मां दुर्गा के पट खुलते ही जय जय कार होने लगे ।और पटाखे भी फोड़े गए। नगर पंचायत अध्यक्ष घघसरा प्रभाकर दुबे ने पुलिस चौकी के पास बाल दुर्गा पूजा,बिजौवा, नचनी ,पनिका परशुराम नगर, दीनदयाल नगर ,जेठू नगर, अटल नगर अमर नगर सहित सभी वार्डो में माता जगत जननी दुर्गा के मूर्ति के पट खोले ।और मां की पूजा अर्चना कर आरती किया। और नगर वासियों को नवरात्र पर्व की शुभकामना दी।

# सप्तमी को दुर्गा मां का पट खुलते ही गूंज उठा जयकारा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के कोड़रा स्थित संकटमोचन मंदिर व कोडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में,पाली धुरियापार, चढ़राव, पिपरौली, खजनी,उनवल समेत दर्जनों जगह पर विधायक प्रदीप शुक्ला ने दुर्गा मां के प्रतिमा का पट खोलते ही पंडाल जयकारों से गूंज उठा।इस दौरान आचार्य सोमनाथ पांडेय ,शोभा सहाय,डॉ ऋतु सहाय, मनोज सिंह,नरेंद्र शुक्ला,संजय शुक्ला,राम अचल शुक्ला,केशव शुक्ला,समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## सीआरपीएफ जवान को पुलिस ने नही दिला रहा न्याय आईजीआरएस की लगाई जा रही फर्जी रिपोर्ट

### आडियो रिकार्डिंग को साक्ष्य नहीं मान रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के टेकुआपाती टोला महदेईया निवासी मिथिलेश देवी के पति केंद्रीय सुरक्षा बल में है। वर्तमान समय में इनकी तैनाती अयोध्या है। इसका गांव में पट्टीदारों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। विपक्षी का गांव का एक मनबढ़ सहयोग कर रहा है। दोनो पक्षों के बीच विवाद भी हुआ था। जिसमे पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। वर्तमान समय में गांव का एक मनबढ़ जवान को फोन पर गाली गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिसकी शिकायत जवान की पत्नी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया था। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में दोनो पक्षों पर मुकदमा का हवाला दिखाकर आतिश्री कर दिया। तथा रिपोर्ट में हवाला दिया जा रहा है की आडियो रिकार्ड से साक्ष्य की जानकारी नहीं मिल पा रही है। जब कि मनबढ़ द्वारा खुलेआम गाली गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संदर्भ में सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने कहा की प्रकरण की जानकारी मिली है। जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

## मकान कब्जा करने और सामान चोरी करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के सहबाजगंज वार्ड 5 निवासी एक युवती ने पट्टीदारों पर मकान कब्जा तथा गहने और सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी गीडा से शिकायत किया है। और जांच कराकर कारवाई करने की मांग किया है। मिली जानकारी से सहबाजगंज वार्ड 5 निवासी दीपिका पुत्र स्व दिलीप कुमार ने आरोप लगाया है की 2021 में उपजिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंच कर पैतृक मकान में एक मकान में एक कमरा दिलाया था। जिसमें गहने और सामान रखे हुए थे। वर्तमान समय में पट्टीदार मकान का ताला तोड़कर गहने और सामान चुरा ले गए। और मकान पर कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर मारने पीटने और जान से मारने की धमकी दे रहे है। इस संदर्भ में सीओ गीडा ने कहा की पीड़िता की शिकायत मिली थी। पुलिस को जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# अंधेरे के बाद उजाला लाइट लग जाने से मिली राहत

## खबर का असर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज नगर पंचायत वार्ड नंबर 5 में पिछले महीनों से चली आ रही अंधेरे की समस्या का अंत हो गया है। इस क्षेत्र में सड़क की लाइटें खराब होने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों की गतिविधियां भी बढ़ गई थीं। स्थानीय निवासी वार्ड नंबर 5 बीर बहादुर नगर के संजय ने बताया पोल पर लाइट लग जाने से अब चोरी जैसी घटनाएं कम होने की उम्मीद है। हम सभी बहुत खुश हैं। सड़क पर लाइटो के लगने से न केवल लोगों को रात में आने-जाने में आसानी होगी बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा भी बढ़ेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए नगर पंचायत पीपीगंज के अधिशासी अधिकारी अंजनेय मिश्रा व संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद किया।

# जग-जग माता के जगराते में मची धूम

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। मां जगत जननी जगदंबा के पावन नवरात्रि महापर्व के अवसर पर कस्बा मुख्यालय समेत ग्राम पंचायत चांदपुर भगलापुर आजमपुरगढवा बुढवां बुढंदा दफसौरा कुलखेडा सहित दर्जनों गांवों में विभिन्न जगहों पर भक्तों के द्वारा मां भगवती का दिव्य दरबार सजाया गया है इस दौरान कस्बा मुख्यालय अंतर्गत गायत्री मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वाधान में सजाए गए मां भगवती के दिव्य दरबार में रात्रि कालीन बेला पर विशाल जागरण का आयोजन किया गया माँ भगवती के दिव्य दरबार में महा आरती के मुख्य यजमान ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर प्रकाश चंद्र सूरज एवं दीपक ओमर समेत कमेटी के पदाधिकारियों एवं भक्तों के विशाल समुदाय ने पूजा अर्चना की तत्पश्चात जागरण ग्रुप के लोगों ने मां भगवती के दरबार में पूजा अर्चना कर विशाल जागरण का शुभारंभ किया कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने जागरण ग्रुप के लोगों समेत सभी अतिथियों को सम्मानित किया मंच के दौरान शिवम सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप एवं जागरण पार्टी कानपुर के नेतृत्व में सुविख्यात गायिका ज्योति गोस्वामी लखनऊ गुड़िया सलोनी कानपुर शुभम रंगीला बरेली शैलजा कपूर कानपुर राजू बावरा आगरा मास्टर भंवर अली बीकानेर समेत विभिन्न सुप्रसिद्ध पात्रों की भावपूर्ण एवं देश भक्ति से पिरोई प्रेरणादाई अद्भुत प्रस्तुतियों एवं उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध झांकी ग्रुप विनय तेजस्वी मेडी महाकाल मोहित छलिया अभिषेक कजरा ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत की गई भगवान विष्णु के विशाल स्वरूप एवं शिव बारात भगवान श्री कृष्ण एवं बरसाने की होली समेत विभिन्न हैरत अंगेज झांकियों को देख कर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए तत्पश्चात प्रातः काल की बेला पर महाआरती के पश्चात कमेटी के पदाधिकारियों ने उपस्थित श्रदालुओं के विशाल जनसमुदाय को मां भगवती का दिव्य प्रसाद वितरित किया कमेटी की ओर से मंत्री उमेश कुमार त्रिवेदी ने अतिथियों समेत भक्तों के विशाल जनसमुदाय को कार्यक्रम में उपस्थित के लिए आभार व्यक्त किया इस दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना इंचार्ज राजेंद्र सिंह कस्बा चौकी इंचार्ज आलोक तिवारी समेत पुलिस बलों की मौजूदगी रही

# बागपत में कुएं में गिरा नीलगाय

- 1 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, इलाज के बाद जंगल में छोड़ा गया

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बागपत के नेथला मोड़ के समीप एक खुले कुएं में रात के अंधेरे में एक नीलगाय गिर गई। सुबह जब स्थानीय किसान खेतों में काम करने पहुंचे, तो उन्होंने कुएं में नीलगाय को पानी में फंसा हुआ देखा। इसके बाद किसानों ने वन विभाग को इस बारे में सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और स्थानीय लोगों ने मिलकर जेसीबी की मदद से घंटों की मेहनत के बाद नीलगाय को कुएं से बाहर निकाला।

रेस्क्यू के बाद घायल नीलगाय का उपचार किया गया और फिर उसे घने जंगल में छोड़ दिया गया। वन विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि जहां भी खुले कुएं हैं, वहां सुरक्षा उपाय किए जाएं, जैसे कि सुरक्षा जाल या अन्य व्यवस्थाएं, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी ने कहा कि नीलगाय का सफल रेस्क्यू किया गया है, और उन्होंने किसानों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति कुएं को खुला न छोड़े।

उन्होंने बताया कि इस तरह के हादसे पशुओं के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं और समय रहते नीलगाय की जान बचाई गई है।

# राबर्ट्सगंज में रामलीला मंच पर अश्लील डांस

## स्थानीय निवासियों और महिलाओं में भारी आक्रोश, आयोजकों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित रामलीला के मंच पर धर्म की मयार्दा को तार-तार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। मधुपुर बाजार में बाहर से आए कलाकारों द्वारा मंचित रामलीला के दौरान अश्लील गानों पर जमकर डांस करने का एक वीडियो वायरल हो गया है। इस घटना ने स्थानीय निवासियों और महिलाओं में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। मधुपुर बाजार में आयोजित इस रामलीला कार्यक्रम में बाहरी डांसरों द्वारा अश्लील डांस किया गया। यह देखकर मौके पर मौजूद ग्रामीण और महिलाएं हतप्रभ रह गईं और उन्होंने आयोजकों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना था कि इस प्रकार का अश्लीलता धर्म का अपमान है और इसके लिए रामलीला कमेटी को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आयोजकों ने कई बार अश्लील गानों पर डांस रोकने का प्रयास किया, लेकिन डांसर्स ने अपनी हरकतें जारी रखीं। इस दौरान रामलीला देखने आई महिलाएं गुस्से में वापस लौट गईं। एक स्थानीय निवासी ने कहा, रामलीला कार्यक्रम के दौरान इस प्रकार का अश्लील गाना बजाना शर्मनाक है।

उन्होंने यह भी बताया कि डांस करने वाली कलाकारों की चाल और पहनावे से यह स्पष्ट था कि वे पेशेवर डांसर हैं। इस घटना के बाद, पुलिस अधीक्षक ने राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस को मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इस प्रकार की अश्लीलता का कोई स्थान नहीं होना चाहिए

स्थानीय लोगों की मान्यता है कि धार्मिक आयोजनों में इस प्रकार की अश्लीलता का कोई स्थान नहीं होना चाहिए, और आयोजकों को इस मामले में सख्त कदम उठाने चाहिए। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और आयोजकों की जिम्मेदारी तय करता है या नहीं।

# स्कूटी सवार लुटेरों से पुलिस की हुई मुठभेड़

- बदमाश के पैर में मारी गोली, लूटे गए 6 हजार रुपए और अवैध असलहा बरामद

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के थाना कोतवाली नगर पुलिस की आवास विकास चौकी के पास बदनौरा पुल पर चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम को दो संदिग्ध लोग एक स्कूटी पर आते दिखे। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, तो वे रुकने के बजाय तेजी से स्कूटी मोड़कर भागने लगे।

पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए बदनौरा पुल से थोड़ी दूरी पर बदमाशों की घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश सुहैल घायल हो गया, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। घायल सुहैल को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया, लेकिन अब तक उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। घटनास्थल से पुलिस ने बदमाश के पास से अवैध असलहा, कारतूस, लूटे गए रुपये, और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए सघन प्रयास जारी हैं। इस मुठभेड़ के बाद इलाके में पुलिस की सतर्कता और बढ़ा दी गई है। पुलिस टीम इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# मेरठ में बाइक सवार बदमाश से पुलिस की मुठभेड़

### गोली पैर में लगने से घायल हुआ युवक, तमंचा और बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, मेरठ के जानी क्षेत्र स्थित गांव टिकरी मोड पर पुलिस की एक बाइक सवार बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने बदमाश को चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया था लेकिन बदमाश बाइक को मोड़कर भगाने की कोशिश करने लगा। भागते समय बदमाश की बाइक फिसल गई। बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की एक गोली बदमाश के पैर में जा लगी। गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद उपचार के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा और बाइक बरामद की है। पुलिस बदमाश का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम अरशद पुत्र इस्तकार उर्फ कारो निवासी जानी कला बताया है। थाना पुलिस के अनुसार बदमाश गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। पुलिस ने बदमाश के पास से एक तमंचा और मोटरसाइकिल बरामद की है।

# टोल न देने पर किसान नेताओं से बदसलूकी

- टोल कर्मियों ने गाड़ियों के शीशे तोड़े, आई कार्ड दिखाने के बाद भी रोका

अमन लेखनी समाचार



सरधना, मेरठ के सरधना में भूनी टोल प्लाजा पर टोल न देने को लेकर देर रात टोल कर्मियों और भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के मंडल अध्यक्ष के बीच कहासुनी हो गई। जिसमें टोल कर्मियों द्वारा गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया। साथ ही उनके साथ की दूसरी गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए। सरूरपुर थाना क्षेत्र के मेरठ करनाल हाईवे भूनी टोल प्लाजा पर देर रात टोल ना देने को लेकर किसान यूनियन कार्यकर्ता व टोल कर्मियों के बीच जमकर कहानी हो गई। किसान कार्यकताओं का आरोप है कि मंडल अध्यक्ष कालू मेरठ से शामली की ओर जा रहे थे। जब वह भूनी टोल से गुजरे तो वहां पर टोल कर्मियों ने उनकी गाड़ी को रोक लिया। उन्होंने अपना आई कार्ड दिखाकर वहां से निकलने की बात कही तो टोल कर्मियों ने उनके साथ बदतमीजी शुरू कर दी। इसके बाद दोनों में जमकर कहासुनी शुरू हो गई। इसके बाद सूचना पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को समझ कर शांत कराया। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के जिला अध्यक्ष निखिल राव का कहना है कि भूनी टोल पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। हमारे कार्यकताओं के साथ इन लोगों ने बदतमीजी की है।

# जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा चौरा देवी मंदिर में आयोजित हुआ कन्या भोज



**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक, डा. दीक्षा शर्मा द्वारा मुख्यालय के चौरा देवी मंदिर के विशेष कन्या भोज कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कन्या पूजन और भोज की परंपरा निभाई गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर में उपस्थित होकर मां देवी की पूजा अर्चना की और इसके पश्चात कन्याओं का पूजन किया। इस धार्मिक आयोजन में कन्याओं को प्रसाद वितरण किया गया जिसमें भोजन के रूप में विभिन्न प्रकार के व्यंजन और मिठाइयाँ परोसी गईं। अधिकारियों ने पूरे कार्यक्रम को भक्तिभाव और सम्मान के साथ संपन्न किया। कन्या भोज कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के महत्व को दर्शाकर नारी शक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करना था। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के पुजारी, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, डीपीआरओ जितेन्द्र मिश्रा सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में हुई अलग अलग घटनाओं में चार युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र में हुई अलग अलग घटनाओं में चार युवक घायल हो गये। सभी घायलों को लहुलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मुटनी गांव निवासी अमित 18 वर्ष पुत्र पंचम लाल व बालेंद्र पुत्र छिद्दू बाइक में सवार होकर कस्बे से गांव की ओर जाते समय रमना के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना में भैंसमरी गांव निवासी अनुज पुत्र जसकरन, संतोष पुत्र रामकिशोर बाइक में सवार होकर सुमेरपुर से अपने गांव की ओर जाते समय टोला माफ में चंद्रावल नदी के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। अनुज की हालत गंभीर होने पर पीआरबी 112 नंबर से गंभीर अवस्था में उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में सक्रिय योगदान देने वाले 30 स्वास्थ्य कर्मियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

**अमन लेखनी समाचार**



हमीरपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अन्तर्गत कार्य क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समयह्व की थीम के साथ एक विशाल मानसिक स्वास्थ्य एंव जनजागरुकता शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीना रहे।

इस मौके पर सदर विधायक मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि हमें जो दायित्व दिए गए हैं उन्हें अच्छे ढंग से निर्वहन करना चाहिए इससे हम तनाव मुक्त, चिंता मुक्त व मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। हमे अवसाद व चिंता को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। जिलाधिकारी ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को आत्म चिंतन करना चाहिए कि कहीं अवसाद या चिंता उनके ऊपर ज्यादा हावी तो नहीं हो रही है। समस्याओं व चिंताओं के बारे में अपने निकट संबंधियों, परिवारीजनों, मित्रों के साथ विचार विमर्श करना चाहिए। चाहे जितनी भी बड़ी समस्या हो हमें उनसे घबराना नहीं चाहिए बल्कि उस पर लोगों से बात करना चाहिए। जीवन में सकारात्मक को अपनाना चाहिए। माता-पिता द्वारा बच्चों की नियमित रूप से काउंसलिंग कर किसी भी प्रकार की समस्या पर आपस में बातचीत कर उसका समाधान निकाला जाय।

जिलाधिकारी ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि जिस तरह से हम अन्य शारीरिक समस्याओं के प्रति गंभीर होते हैं हमें मानसिक स्वास्थ्य को भी उसी प्रकार गंभीरता से देखना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या पर तत्काल विशेषज्ञों के माध्यम से सलाह व चेकअप आदि कराकर उनकी सलाह के अनुसार कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में गांव-गांव तक लोगों को जागरूक किया जाए तथा अपने आसपास के ऐसे किसी भी व्यक्ति जो किसी भी प्रकार के मानसिक विकार से ग्रसित है उनको इस प्रकार के कैंप में प्रतिभाग कर अपनी समस्याओं को विशेषज्ञों के सामने रखने हेतु प्रोत्साहित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से अपील की है कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी इस प्रकार के शिविरों का नियमित रूप से आयोजन किया जाए ताकि मानसिक स्वास्थ्य से ग्रसित लोग इसका लाभ ले सकें। सीएमओ डा. गीतम सिंह ने बताया कि मानसिक रोग भी अन्य बीमारियों की तरह है तथा इसका इलाज सम्भव है। तनाव, खराब दिनचर्या आदि इसके कारण है। मानसिक समस्या से ग्रसित व्यक्ति नियमित चिकित्सा के साथ-साथ पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम करे एवं नशामुक्त रहे। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के अन्तर्गत जनपद के समस्त सीएचसी व पीएचसी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में सक्रिय योगदान देने वाले 30 स्वास्थ्य कर्मियों, डॉक्टर्स व अन्य स्टॉफ को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन कर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु जीवन मे योग अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालक स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार यादव एवं जलीस खान ने किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार तिवारी, एसीएमओ डा. राम अवतार सहित अन्य एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, जिला मलेरिया अधिकारी डा. राजेन्द्र यादव, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा आम जन मौजूद रहे।

# साइबर अपराधों के बारे में महिलाओं को किया जागरूक

## एण्टीरोमियो टीम द्वारा शोहदो मनचलों को सिखाए सबक





**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी (ब्युरो रिपोर्ट )पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद अमेठी के विभिन्न थानों की पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के वि ग्रामों/कस्बों में चौपाल लगाकर /कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं/ बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया एवं संदिग्धों की चेकिंग की गयी जनपद के विभिन्न थानों द्वारा विभिन्नविद्यालय/ग्रामों/कस्बों में चौपाल लगाकर बालिकाओं/ महिलाओं को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध एवं उनसे बचने के तरीकों के बारे में बताकर जागरूक किया गया ।

# कन्या भोज की खीर बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, महिला सहित ग्यारह झुलसे

**घटना में मकान मालिक की दस बकरियां भी झुलसी**

**प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल किया रेफर**

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के रामनगर मोहल्ले में कन्या भोज के लिए खीर बनाते समय गैस सिलेंडर लीक हो गया। जिससे उसमें आग लग गई। आग बुझाने के दौरान एक महिला सहित 11 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नवरात्रि पर्व को लेकर गुरुवार को रामनगर मोहल्ले में राजाराम प्रजापति के आंगन पर सुबह करीब नौ बजे कन्या भोज के लिए खीर बनाई जा रही थी। तभी गैस सिलेंडर लीक हो गया। जिससे उसमें आग लग गई। आग बुझाने के लिए वहां मौजूद लोगों ने भरसक प्रयास किया। लेकिन इस आपाधापी में 11 लोग झुलस गए। जिसमें राजाराम प्रजापति 60 वर्ष, उसकी पत्नी तेजिया 55 वर्ष के अलावा अमित 22 वर्ष, दुर्गेश 24 वर्ष, रोहित 17 वर्ष, सुमित 17 वर्ष, विनोद 24 वर्ष, आशीष 18 वर्ष, संदीप 18 वर्ष, सुनील 24 वर्ष, मुन्ना 23 वर्ष के अलावा राजाराम की दस बकरियां भी झुलस गई हैं। आंगन में रखा सामान भी जल गया है। वहां मौजूद लोगों ने बालू डालकर किसी तरह गैस सिलेंडर को बुझाया।आनन फानन में सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर सभी को सदर अस्पताल भिजवाया गया। वहीं फायर बिग्रेड के देर से आने पर नाराजगी जताई गयी। सूचना पर अस्पताल पहुंचे थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने पीड़ितों से घटना की जानकारी ली और सभी की उचित इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। गैस एजेंसी के मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि कम्पनी के नियमानुसार पीड़ितों की मदद की जाएगी। घटना की जानकारी मिलने पर ईओ दिनेश आर्य ने भी मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को मदद का आश्वासन दिया है।

# महिलाओ में जन जारूकता के उद्देश्य से वन स्टॉप सेन्टर द्वारा हुआ कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस-5 के अंतर्गत आज दिनांक 10.10.2024 को ग्राम सभा रामदीन का पुरवा गौरीगंज में वन स्टाप सेंटर की सेंटर मैनेजर गायत्री देवी द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 तथा लड़के और लड़कियां एक समान है, परन्तु व्यवहारिक रूप से लोग इसे अपने पर लागू नही करते है। बचपन से ही उनके साथ भेदभाव शुरू हो जाता है। बेटा-बेटी का फर्क मिटाने के बाद ही सही मायने में नारी सशक्तिकरण की अवधारणा चरितार्थ होगी। आज बेटियों हर क्षेत्र में बेटो से आगे है। बेटा की तरह बेटियों को भी समान शिक्षा और समान अवसर दिया जाए, तो बेटियां सफलता का परचम लहरा सकती है। समाज को अपनी रूढ़िवादी सोच बदलनी होगी। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमें योजना की बढ़ाई गई धनराशि 25000 के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18वर्ष से कम उम्र के बालक/ बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा,घरेलू हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। किरन सिंह ने महिलाओ को सचेत करने के उद्देश्य से विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा महिला हेल्पलाइन 181, 1090, साइबर सुरक्षा 1930 आपातकालीन पुलिस सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 चाइल्ड लाइन 1098 की जानकारी भी प्रदान किया गया ,दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह जैसे कुप्रथा को रोकने ,बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। अंतिमा शुक्ला ने महिलाओं को पम्पलेट वितरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान गायत्री देवी केन्द्र प्रबंधक, किरन सिंह काउंसलर ,अंतिमा शुक्ला व महिलाएं उपस्थित रहे।

# सीएमओ कार्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया

**अमन लेखनी समाचार**





अमेठी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय गौरीगंज जनपद अमेठी में ₹विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस₹ के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यालय प्रांगण से जनपद स्तरीय रैली को जिला मानसिक स्वास्थ्य पुनर्विलोकन बोर्ड के संयोजक सदस्य सचिव मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह द्वारा हरी झंण्डी देकर रवाना किया गया। रैली में स्कूली छात्र/छात्राओं, अध्यापकों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में तत्पश्चात कार्यालय सभागार ₹मनहित से जनहित₹ हैशटैग पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें इस वर्ष की थीम ₹क३ २ ३ॏ ३ङ्क ढ१ङ्क१३ी टील्ल३ह्ल ल्टींह्लइ,ल्ल ३ॏ हङ्क१ह्यस्त्रह्लीॏ₹ अर्थात यह समय कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का है। विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुये कार्यस्थल पर सभी कर्मचारियों के बेहतर सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य हेतु वातावरण निर्माण तथा तनाव प्रबन्धन पर जानकारी दी गयी, क्योंकि कार्यस्थल पर नकारात्मक / अस्वास्थ्य कर स्थितियां जैसे भेदभाव उत्पीड़न और कार्य करने की खराब स्थितियां व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाती है, जो कर्मचारियों के जीवन व कार्य करने की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। इसके साथ ही समुदाय में बेहतर मानसिक स्वास्थ्य हेतु आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर योगा सत्रों का आयोजन हेल्थ कार्नर आयुष्मान आरोग्य शिविर बच्चों के लिये पोस्टर प्रति योगिता, सोशल मीडिया अभियान / कैम्पेन इत्यादि के माध्यम से आमजन समुदाय को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। संगोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० प्रवीण कुमार उपाध्याय, डा० दीपक कुमार सिंह (जिला क्षय रोग अधिकारी), डा० प्रणव गौतम (मनोरोग विशेषज्ञ), डा० बी०बी० सिह (मनोचिकित्सक), श्रीराज (एम०एण्ड ई० आफिसर), श्रीमती शालू गुप्ता (स्वा०शिक्षा अधिकारी), श्री राम आसरे सरोज (स्वा०शिक्षा अधिकारी), प्रदीप कुमार (कनिष्ठ सहायक), अजय कुमार मौर्य क्लीनिकल, साइकोलाजिस्ट, अरून कुमार, सुरज कुमार, अर्जुन सहित अन्य कर्मचारीगण सम्मिलित हुए

# हैण्डबाल प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीम को किया गया पुरस्कृत

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खाँ ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जूनियर बालक/बालिका वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के उपलक्ष्य पर आज डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में जूनियर बालिका वर्ग हॉकी एवं जूनियर हैण्डबाल बालक वर्ग प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजेश मसाला मार्केटिंग मैनेजर हिमांशु अग्रहरी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में हॉकी बालिका वर्ग की टीम-ए (रानी सुषमा देवी बालिका इण्टर कालेज, रणवीर नगर, राजकीय इण्टर कालेज अमेठी, स्टेडियम ट्रेनीज अमेठी व फौजी फैक्टरी) तथा टीम-बी (फौजी फैक्टरी, शिव प्रताप इण्टर कालेज अमेठी, फौजी फैक्टरी, शिव प्रताप इण्टर कालेज अमेठी व स्टेडियम ट्रेनीज अमेठी) के मध्य खेला गया जिसमें फौजी फैक्टरी ने 7-3 से रानी सुषमा देवी बालिका इण्टर कालेज, शिव प्रताप इण्टर कालेज अमेठी ने 3-1 से रणवीर नगर, फौजी फैक्टरी ने 3-2 से राजकीय इण्टर कालेज अमेठी, स्टेडियम ट्रेनीज अमेठी ने 3-2 से शिव प्रताप इण्टर कालेज अमेठी तथा स्टेडियम ट्रेनीज अमेठी ने फाइनल मुकाबले में 3-1 से फौजी फैक्टरी को हराकर स्टेडियम ट्रेनीज अमेठी विजेता हुई। इसी क्रम में हैण्डबाल बालक वर्ग की टीम-ए (रामनगर क्लब, जंगल रामनगर क्लब, गांधी इण्टर कालेज, रणवीर इण्टर कालेज व गांधी इण्टर कालेज) तथा टीम-बी (सेंपियन पब्लिक स्कूल, रणवीर इण्टर कालेज अमेठी, सेपियन पब्लिक स्कूल, महाकाल स्पोर्ट्स क्लब व रणवीर इण्टर कालेज अमेठी) के मध्य खेला गया जिसमें सेपियन पब्लिक स्कूल ने 20-15 से रामनगर क्लब, रणवीर इण्टर कालेज अमेठी ने 23-11 से जंगल रामनगर क्लब, गांधी इण्टर कालेज अमेठी ने 21-14 से सेपियन पब्लिक स्कूल, रणवीर इण्टर कालेज अमेठी ने 26-16 से महाकाल स्पोर्ट्स क्लब तथा रणवीर इण्टर कालेज अमेठी ने फाइनल मुकाबले में 32-31 से गांधी इण्टर कालेज अमेठी को हराकर रणवीर इण्टर कालेज अमेठी विजेता हुई। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व फुटबाल खिलाड़ी अमेठी सरवन कुमार द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों व आफीसियलों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा इस अवसर पर उपक्रीड़ाधिकारी अमेठी शमीम अहमद एवं मो0 मोसर्रफ खाँ, जीवन रक्षक राम आसरे सहित जिला खेल कार्यालय अमेठी के अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# घटना में प्रयुक्त डंडा के साथ अभियुक्त/अभियुक्ता गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 रामजी सिंह थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान बीएनएस में वांछित अभियुक्त/ अभियुक्ता रामकृपाल पुत्र स्व0 भवानी प्रसाद उर्फ कृष्ण कुमार रीता देवी पत्नी रामकृपाल निवासीगण विराहिम बाजगढ़ थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी को नहर पुलिया ग्राम विराहिम बाजगढ़ के पास से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त/ अभियुक्ता ने बताया कि हम लोगों ने बास के डंडे से राजाराम को मारा पीटा था एवं डंडे को पास में एक बाग में छिपा दिया था अभियुक्त/अभियुक्ता की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद हुआ गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है

# फैमिली आईडी की प्रगति के संबंध में जिलाधिकारी ने ली बैठक

**फैमिली आईडी से संबंधित समस्त प्रकरणों को 10 दिन के अंदर निस्तारित करने के निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**



हमीरपुर। फैमिली आईडी की प्रगति के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी पोर्टल में लंबित एवं डिफाल्टर संदर्भों की समीक्षा करते हुए कहा कि फैमिली आईडी से संबंधित समस्त प्रकरणों को 10 दिन के अंदर शत प्रतिशत निस्तारित कर इसकी सूचना दी जाए। फैमिली आईडी बनाए जाने के संबंध में समस्त खंड विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत सचिव एवं अन्य संबंधित के साथ मीटिंग करके सभी जरूरी सूचनाओं /नियमों से भलीभांति अवगत करा दिया जाए ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा की फैमिली आईडी से संबंधी प्रकरणों को अनावश्यक रिजेक्ट न किया जाए।

ज्ञात हो कि एक परिवार, एक पहचान के तहत अब सरकार फैमिली आईडी जारी कर रही है। उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड के जरिए परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। लेकिन अब उत्तर प्रदेश में आप फैमिली आईडी बनवाकर भी केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ ले सकते हैं। फैमिली आईडी के तहत यूपी में रहने वाले परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस योजना के तहत हर एक परिवार को फैमिली आईडी के तहत एक विशिष्ट नंबर जारी किया जा रहा है। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ यादव, एसडीएम सरीला राजकुमार गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# किसानों को एक दो बोरी खाद मिलने से छाया आक्रोश

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर बुधवार को सैकड़ो किसानों ने खाद न मिलने से नाराज होकर जाम लगा दिया था। जाम लगने के आधे घंटे बाद मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी ने किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया था और केंद्र प्रभारी को टोकन के माध्यम से किसानों को खाद देने का निर्देश दिया था। लेकिन आज गुरुवार को किसानों ने एक दो बोरी खाद मिलने से आक्रोश जताते हुये कहा है कि इतनी कम मात्रा में खाद मिलने से उनकी फसलें प्रभावित होगीं। बृहस्पतिवार को केंद्र प्रभारी ने टोकन के आधार पर खाद वितरित की। परंतु किसानों का कहना है कि एक दो बोरी खाद से काम नहीं चलने वाला नहीं है। यदि समय से खाद नहीं मिलती तो खेत बोने के लिए रह जाएंगे जिससे किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। सिलौली निवासी किसान श्याम लाल ने बताया कि 3 दिन से भटककर खाद लेने के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी खाद नहीं मिल पायी है। अगर समय से खाद नहीं मिलती तो हमारे खेत बोने के लिए रह जाएंगे। कम्हरिया निवासी हबीब ने बताया कि हमारा टोकन बना दिया गया था जिससे दो बोरी ही खाद मिल पाई है और इतने से काम नहीं चलेगा। खाद की कमी के चलते खेती बोने के लिए रह जाएगी जिससे किसान का परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच सकता है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे स्पेशल

अवेयरनेस

डॉ. गौरव गुप्ता
सीनियर साइकिएट्रिस्ट
तुलसी हेल्थकेयर, दिल्ली-गुरुग्राम

पूरी दुनिया में 450 मिलियन लोग विभिन्न मनोरोगों से पीड़ित हैं। प्रत्येक 8 में से एक व्यक्ति मानसिक अस्वस्थता से ग्रस्त है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि मेंटल हेल्थ कितना सीरियस इश्यू है। इसीलिए आज (10 अक्टूबर) वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है, ताकि लोग अपनी फिजिकल ही नहीं मेंटल हेल्थ का भी पूरा ध्यान रखें। इस बारे में हम आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# कहीं मन ना हो जाए बीमार


अगर आप अच्छे स्वास्थ्य का संबंध सिर्फ शारीरिक रोगों का ना होना मानते हैं, तो यह सोच सिर्फ एकतरफा है। तभी तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अच्छे स्वास्थ्य की परिभाषा के अंतर्गत स्वस्थ शरीर के साथ-साथ उम्दा मानसिक स्वास्थ्य को भी शामिल किया है। वास्तव में मानसिक स्वास्थ्य का संबंध मस्तिष्क से होता है और मस्तिष्क ही पूरे शरीर को संचालित करता है, इसलिए इसका हेल्दी रहना सबसे जरूरी है।

## क्या है मानसिक स्वास्थ्य

अमेरिका स्थित हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार मौजूदा दौर की आपाधापी भरी तनावपूर्ण जिंदगी में मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति वही है, जो अपने तनाव का प्रबंधन कर जीवन के प्रति सकारात्मक और आशावादी दृष्टिकोण रखता है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति नकारात्मक भावों और निराशावादी विचारों को अपने दिमाग पर हावी नहीं होने देता। ऐसा व्यक्ति अपनी भावनाओं को नियंत्रित कर पारिवारिक-सामाजिक और अपने व्यवसाय से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से अंजाम देता है। मानसिक स्वास्थ्य हर आयु वर्ग के व्यक्ति के लिए आवश्यक है।

## मानसिक रोगों के प्रमुख कारण

- भावनात्मक समस्याएं जैसे रिश्तो में अलगाव या फिर किसी प्रिय व्यक्ति का निधन हो जाना।



- आर्थिक कारण जैसे बेरोजगार होना या फिर कारोबार का सही ढंग से ना चलना।
- पारिवारिक या सामाजिक विवाद।
- आनुवंशिक या जेनेटिक कारण।
- मस्तिष्क में न्यूरो केमिकल्स का असंतुलित होना।
- दिमाग में गहरी चोट लगना।
- मादक द्रव्यों का सेवन, जो अनेक लोगों में डिप्रेशन और एंग्जायटी आदि मनोरोगों को बढ़ा सकता है।

## मेंटली हेल्दी होने के लक्षण

- जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण।
- विभिन्न प्रकार के मनोरोगों जैसे अवसाद (डिप्रेशन), एंग्जायटी और सिजोफ्रेनिया आदि से मुक्त रहना।
- अपने कार्य को मनोयोग और तल्लीनता से उचित रूप से अंजाम देना।
- आत्मगौरव और दूसरों के प्रति प्रेमपूर्ण भाव रखना।
- नकारात्मक विचारों का अपने दिमाग पर हावी ना होने देना।
- वास्तविकताओं की पृष्ठभूमि में अपनी योजनाएं और लक्ष्यों को निर्धारित करना।
- दूसरों के विचारों का सम्मान करना और उनके साथ शिष्टाचार से पेश आना।
- परिवार और समाज के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन।



## तब होते हैं मानसिक रूप से बीमार

वर्ल्ड फाउंडेशन ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि हम अपने दिमाग को स्वस्थ कैसे रखें? इसका जवाब यह है कि जिन कारणों से हमारा दिमाग अस्वस्थ है या यूं कह लीजिए कि जिन नकारात्मक विचारों से संचालित हो रहा है, उन कारणों को दूर कर अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हासिल किया जा सकता है।

बावजूद इसके, अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को हासिल करने में सबसे बड़े अवरोधक तत्व कुछ मनोरोग हैं। उदाहरणस्वरूप अवसाद (डिप्रेशन), व्यक्तित्व से संबंधित विकार जैसे छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आना, निर्णय ना ले पाना, मूड डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया, तंत्रिका तंत्र से संबंधित स्थितियां जैसे किसी दुर्घटना का शिकार होना, किसी पारिवारिक या भावनात्मक समस्याओं के कारण दिमाग में गहरा सदमा पहुंचना और सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर आदि को मानसिक स्वास्थ्य में बाधक तत्व माना जाता है। इनके अंतर्गत एंग्जायटी डिसऑर्डर्स नामक बीमारियां भी शामिल हैं। एंग्जायटी डिसऑर्डर्स नामक बीमारियों में पैनिक अटैक यानी जैसे तेज घबराहट होना, दिल की धड़कन का तेज होना और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके अलावा मानसिक समस्याओं में ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। इस समस्या का एक प्रमुख लक्षण है- व्यर्थ की या ऊलजलूल बातों या कार्यों को बेवजह दोहराते जाना।

## गंभीर रोग है डिप्रेशन

मौजूदा दौर में मानसिक स्वास्थ्य में सबसे बड़ा बाधक तत्व अवसाद या डिप्रेशन है। अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार अकसर हम लोग किसी प्रतिकूल कारण से कभी ना कभी तनावग्रस्त हो जाते हैं और फिर एक अंतराल के बाद सामान्य हो जाते हैं, लेकिन कुछ समय के लिए तनावग्रस्त होने का मतलब डिप्रेशन नहीं है। वास्तव में डिप्रेशन से आशय उस मनोदशा से है, जिसमें व्यक्ति लगातार कई दिनों या लंबी अवधि तक तनावग्रस्त, उदास और नकारात्मक विचारों से स्वयं को घिरा हुआ महसूस करता है। वह ऐसा महसूस करता है कि मानो उसके जीवन से सुखों और खुशियों ने हमेशा के लिए नाता तोड़ लिया हो।

**डिप्रेशन के लक्षण:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन के मुख्य लक्षणों को हल्के (माइल्ड), मध्यम (मॉडरेट) और गंभीर (सीवियर) में विभाजित किया जाता है।

**माइल्ड और मॉडरेट सिंपटम्स:** इससे ग्रस्त व्यक्ति स्वयं को हताश और दुखी महसूस करता है। किसी कार्य में मन नहीं लगता है। व्यक्ति लोगों से मिलने-जुलने से कतराता है। अपनी पसंदीदा हॉबी में दिलचस्पी लेना बंद कर देता है। सेक्स की इच्छा कम होती जाती है। सोने की आदतों में बदलाव यानी या तो बहुत ज्यादा सोना या फिर कम सोना। खान-पान की आदतों में बदलाव हा सकता है यानी कुछ लोग ज्यादा खाने लगते हैं या फिर भूख से कम खाते हैं।

**सीवियर सिंपटम्स:** इससे ग्रस्त रोगी में इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं। जैसे- सफलता हासिल करने की या किसी कार्य को संपन्न करने की उम्मीद ही छोड़ देना। यह महसूस करना कि हमारी अब कोई मदद नहीं कर सकता है। जीवन जीने के लक्ष्य का खत्म हो जाना या फिर यह सोचना कि मेरी जिंदगी के अब सारे दरवाजे बंद हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में आत्महत्या का विचार उठना या फिर मृत्यु के बारे में सोचते रहना। उपरोक्त लक्षणों के प्रकट होने पर शीघ्र ही मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है।

**डिप्रेशन का ट्रीटमेंट:** डिप्रेशन की गंभीर स्थिति वाले मरीजों के इलाज में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का सहारा लिया जाता है और इसके साथ ही मरीज की काउंसलिंग भी की जाती है।

इस मामले में एक बात याद रखें कि डिप्रेशन से कालांतर में आत्महत्या करने का विचार (सुसाइडल ट्रेंड) मन में कौंध सकता है। डिप्रेशन का पहला ट्रेंड है एंग्जायटी या मानसिक रूप से बेचैनी महसूस करना। दूसरा ट्रेंड है, सुसाइडल होना या मन में आत्महत्या का विचार आना। डिप्रेशन का तीसरा ट्रेंड है साइकोसिस होना। साइकोसिस में कोई व्यक्ति विभ्रम (हेल्यूशिनेशन) से ग्रस्त हो जाता है और यह स्थिति उसे मेडिकल भाषा में डील्यूशन (अनर्गल या बेवजह शक के विचारों से ग्रस्त होना) का शिकार बना सकती है।

## इन पर भी करें अमल

विभिन्न मनोरोगों के ट्रीटमेंट में सबसे पहले मरीज या उसके परिजनों को मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। मनोचिकित्सक मरीज की मानसिक स्थिति के अनुसार उसका इलाज करते हैं। इलाज के अंतर्गत दवाओं के अलावा या इनके साथ काउंसलिंग, कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी (जिसे संक्षेप में सीबीटी कहते हैं), वेंटिलेशन थेरेपी (जिसका यहां पर आशय अपने मन की बात को दूसरों के साथ साझा करना) आदि का सहारा लेते हैं।

## ऐसे रखें मन-मस्तिष्क को स्वस्थ

- जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं। आशावादी सोच रखें।
- लोगों से सामाजिक संबंध बरकरार रखें।
- सक्रिय जीवन जिएं। पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हों।
- किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें, क्योंकि नशा करने से डिप्रेशन की समस्या बढ़ती है।
- कभी भी स्वचिकित्सा (सेल्फ मेडिकेशन) ना करें। मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर ही दवाएं लें।
- स्वास्थ्यकर आहार ग्रहण करना चाहिए और अपने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को वरीयता देनी चाहिए।
- नियमित रूप से व्यायाम करें। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### तनाव प्रबंधन में योगाभ्यास है कारगर

**महर्षि यूरोपियन** रिसर्च यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स के अनुसार योग (योगासन, प्राणायाम और मेडिटेशन)



तनाव को नियंत्रित करने में सहायक है। तनाव को नियंत्रित करके या फिर तनावमुक्त होकर ही आपका मानसिक स्वास्थ्य उम्दा रह सकता है। योग से दिमागी संतुलन सही रहता है, आपका मन शांत रहता है और दिमाग में सकारात्मक विचार आते हैं। लेकिन योग शुरू करने से पहले योग विशेषज्ञ से परामर्श देना बेहतर है।

## भावनात्मक संतुलन मजबूत बनाए वृक्षासन

**अगर हमारी** भावनाएं सुखद और संतुलित नहीं होंगी, तो हम हमेशा किसी ना किसी दुख या मानसिक परेशानी से जकड़े रहेंगे। दुख या परेशानियां हमेशा स्थूल रूप में ही नहीं होतीं, कई बार ये भावनात्मक रूप में भी होती हैं और अगर हमारी परेशानियां भावनात्मक हैं, तो इनसे छुटकारा पाना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। लगातार भावनात्मक असंतुलन में रहने के कारण हम गहरी निराशा में डूब जाते हैं और कई बार इसके चलते अवसाद के चंगुल में भी फंस जाते हैं। हम कहीं भावनात्मक अवसाद का शिकार तो नहीं हो रहे, इसे जांचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम परखें कि कहीं हम हर दिन ज्यादातर समय नाखुश या निराशा से भरे तो नहीं होते? अगर हां, तो यह खतरनाक हो सकता है और इससे बचने के लिए हमें रोज वृक्षासन करना चाहिए।



**वृक्षासन के फायदे:** वृक्षासन शारीरिक और मानसिक संतुलन निर्मित करने वाला आसन है। इससे शरीर और मन दोनों ही संतुलित रहते हैं। वृक्षासन करने से पैरों, टखनों, पिंडलियों, घुटनों और जांघों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह आसन हमारी रीढ़ की हड्डी को भी मजबूत बनाता है। हिप्स के जोड़ों को लचीला और सुचारु बनाए रखने में भी यह बहुत मददगार होता है। नियमित रूप से वृक्षासन करने से आंखों, कानों और कंधों को मजबूती मिलती है। इससे छाती चौड़ी होती है, एकाग्रता बढ़ाने में और मूड को बेहतर बनाए रखने में भी यह मददगार होता है।

**आसन करने की विधि:** वृक्षासन करने का सबसे सही तरीका यह है कि ताड़ासन की मुद्रा में खड़े हो जाएं। इसके बाद दाएं घुटने को मोड़ें और दाएं पैर के पंजे को बाईं जांघ पर जितना ऊपर हो सके टिकाएं। ध्यान रखें, ऐसा करते समय एड़ियां ऊपर की तरफ हों और पंजे जमीन की तरफ दबाव डाल रहे हों। इस दौरान गहरी सांस लें और अपनी छाती को ऊपर उठाएं। अब धीरे-धीरे बाएं पैर पर सारे शरीर का वजन संतुलित करने की कोशिश करें। जब संतुलन सध जाए, तब बाजुओं को धीरे-धीरे ऊपर उठाएं और सिर के सीधा ऊपर दोनों हथेलियों को आपस में नमस्कार की मुद्रा में जोड़ लें। इस मुद्रा में शुरुआत में संतुलन बनाना मुश्किल होता है। लेकिन धीरे-धीरे संतुलन बनने लगता है और कुछ दिनों के अभ्यास के बाद आप पलक झपकते ही ऐसा संतुलन साधने में माहिर हो जाएंगे।

जब सिर के ऊपर दोनों हथेलियां नमस्कार की मुद्रा में जुड़ी हों, उस दौरान सामने की तरफ बिल्कुल 90 डिग्री में देखें और लगातार किसी एक जगह पर काफी देर तक देखते रहें। इससे आंखों की वर्जिश होती है और आंखों की रोशनी में सुधार होता है। शुरुआत में यह मुद्रा 30 से 40 सेकेंड तक रखें, इसके बाद धीरे-धीरे बढ़ाते रहें और जब तक आसानी से बिना दर्द ऐसा करना संभव हो, तब तक करें।

**रखें ध्यान:** वृक्षासन करने से पहले बद्धकोणासन, वीरभद्रासन और उत्थित त्रिकोणासन करना फायदेमंद होता है। जबकि वृक्षासन करने के बाद अर्ध बद्धपद्योमत्तासन तथा उत्थित हस्त पादंगुष्ठासन करना फायदेमंद होता है। अगर वृक्षासन करने में मुश्किल हो रही हो तो शुरुआत में दीवार से सटकर खड़ा हुआ जा सकता है यानी आसन करने के लिए दीवार का सहारा लिया जा सकता है। लेकिन अगर सिर में दर्द हो, लो या हाई ब्लड प्रेशर हो तो वृक्षासन करने से बचें। अगर अनिद्रा से पीड़ित हैं तो भी वृक्षासन करने से बचना चाहिए। अगर जांघों, पिंडलियों या टखनों में किसी किस्म का जख्म हो या छाती और कंधों में जरूरत से ज्यादा जकड़न हो, तो भी इस आसन को करने से बचना चाहिए।

-दिव्यज्योति 'नंदन'

डॉक्टर्स एडवाइस



# अर्थराइटिस के दर्द से ऐसे मिलेगी आपको राहत

अर्थराइटिस आमतौर पर बढ़ती उम्र के लोगों को होने वाला ज्वाइंट्स से जुड़ा रोग है। हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। हालांकि इस रोग का कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट नहीं है। लेकिन अगर डॉक्टर की सलाह को पूरी तरह फॉलो किया जाए तो इससे काफी राहत मिल सकती है।

अर्थराइटिस शारीरिक जोड़ों से जुड़ी हुई एक गंभीर बीमारी है। लाखों लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, लेकिन कई लोग इसके लक्षण और उपचार के बारे में नहीं जानते हैं। ऐसे में अर्थराइटिस और उससे संबंधित रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 12 अक्टूबर को विश्व अर्थराइटिस दिवस मनाया जाता है। इससे बचाव और राहत के लिए आपको अर्थराइटिस के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए।


**अर्थराइटिस क्या है:** अर्थराइटिस क्या है, इस बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, **डॉ. हेमंत बंसल** कहते हैं, 'यह एक ऐसी समस्या है, जिसमें शरीर के जोड़ों में सूजन और दर्द होता है। यह कई प्रकार का हो सकता है, जिनमें ऑस्टियोअर्थराइटिस और रुमेटॉइड अर्थराइटिस सबसे आम प्रकार है। ऑस्टियोअर्थराइटिस बढ़ती उम्र से संबंधित जोड़ों की बीमारी है, जिसमें शरीर के जोड़ का कार्टिलेज धीरे-धीरे टूटता है, जिससे जोड़ की हड्डियां आपस में रगड़ खाने लगती हैं, जिससे सूजन, दर्द और जकड़न की समस्या होती है। यह आमतौर पर घुटनों, कूल्हों, रीढ़ की हड्डी, और हाथों में होता है। वहीं दूसरी ओर रूमेटॉइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम अपने ही जोड़ के ऊतकों पर हमला करता है, जिससे जोड़ों में सूजन और दर्द होता है, साथ ही यह अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है। यह आमतौर पर हाथों, कलाई, घुटनों और कूल्हों में होता है। अर्थराइटिस की समस्या समय के साथ गंभीर होती जाती है, इसलिए इसके प्रति सतर्कता आवश्यक है।'

**रोग के कारण-लक्षण:** अर्थराइटिस की समस्या के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-आर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पोर्ट्स इंजरी, **डॉ. योगेश कुमार** डिटेल में बताते हैं, 'सबसे पहले, आनुवांशिकता एक प्रमुख कारक है। यदि आपके परिवार में अर्थराइटिस का इतिहास रहा है तो आपको भी इसका खतरा हो सकता है। उम्र भी एक महत्वपूर्ण कारक है, क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ जोड़ कमजोर होने लगते हैं, जिससे ऑस्टियोअर्थराइटिस का जोखिम बढ़ जाता है। इसके अलावा, अधिक वजन होना, जोड़ों, विशेषकर घुटनों, कूल्हों और रीढ़ की हड्डी पर अतिरिक्त दबाव डालता है, जिससे दर्द और सूजन की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। संक्रमण भी कुछ मामलों में जोड़ में सूजन और दर्द पैदा कर सकता है। पुरानी चोट या जोड़ की चोट भी भविष्य में अर्थराइटिस का कारण बन सकती है। अर्थराइटिस के लक्षणों की बात की जाए तो इसमें आपको जोड़ों में दर्द और सूजन, सुबह के समय जोड़ का कड़कपन, लचीलेपन की कमी और जोड़ों में लालिमा और गर्मी महसूस होना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। ये लक्षण आपकी सामान्य दैनिक गतिविधियों में कठिनाई पैदा कर सकते हैं। ऐसे में अर्थराइटिस के कारणों और लक्षणों को समझना आवश्यक है जिससे इसका उचित प्रबंधन और उपचार किया जा सके।'

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** अर्थराइटिस से ग्रसित व्यक्तियों को और किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, जिससे उन्हें कम परेशानी हो, इस बारे में इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर, दिल्ली के कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, **डॉ. हितेश भंडारी** कहते हैं, 'ऐसे व्यक्तियों को आरामदायक और सपोर्ट देने वाले फुटवियर का उपयोग करना चाहिए। सही प्रकार के जूते पहनने से घुटनों और टखनों पर दबाव कम होता है। इसके अलावा चलने-फिरने में मदद करने के लिए वॉकर, कैन या विशेष कुर्सियों का उपयोग करने से भी अर्थराइटिस की समस्या में लाभ मिलता है। ये उपकरण जोड़ों पर दबाव कम करने और दैनिक कार्यों को आसान बनाने में सहायक होते हैं। आप अपने रोजमर्रा के कामों को आसान करने के लिए योजना बनाएं। जरूरत पड़ने पर काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करें और आवश्यकतानुसार ब्रेक लें ताकि जोड़ों पर अधिक दबाव ना पड़े। डॉक्टर की सलाह से विटामिन डी, कैल्शियम, और ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे सप्लीमेंट्स का सेवन किया जा सकता है, जो हड्डियों और जोड़ों की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके कारण जोड़ों की सेहत स्वस्थ रहती है और सूजन को भी यह कम कर सकता है।' *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

### अर्थराइटिस पेशेंट ऐसे करें केयर



**अर्थराइटिस पेशेंट्स** कैसे अपनी केयर करें इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के डायरेक्टर एंड सीनियर कंसलटेंट-ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, **डॉ. बी. एस. मूर्ति** सलाह देते हैं, 'जोड़ों की देखभाल के लिए आपको सबसे पहले अपने वजन नियंत्रण पर ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि सही वजन बनाए रखने से जोड़ पर दबाव कम होता है, जिससे दर्द और सूजन में कमी आती है। नियमित रूप से हल्के व्यायाम, जैसे- योग, तैराकी और वॉकिंग करना जरूरी है। ये जोड़ की लचक और ताकत को बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके साथ ही आहार में कैल्शियम, विटामिन डी और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ की मात्रा बढ़ाएं। अपना पोस्चर सही रखें, क्योंकि बैठने, खड़े होने और चलते समय सही पोस्चर से जोड़ पर दबाव कम होता है। डॉक्टर की सलाह पर दर्द निवारक और सूजन कम करने वाली दवाओं का सेवन करें। लंबे समय तक एक ही स्थिति में ना बैठें, बीच-बीच में उठकर थोड़ी स्ट्रेचिंग करें। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी जोड़ की लचक और ताकत को बढ़ाने में मदद करती है और दर्द को भी कम करती है। यदि अन्य उपचार प्रभावी नहीं होते हैं, तो डॉक्टर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसे विकल्प की सलाह दे सकते हैं। अर्थराइटिस को पूरी तरह से ठीक करना संभव नहीं है, लेकिन सही देखभाल और समय पर उपचार से इसके लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है।'

सजेशन

डॉ. मोनिका शर्मा

डिजिटलाइजेशन का सबसे बुरा असर हमारी आंखों पर पड़ रहा है। खासतौर पर इससे हमारे बच्चों की नजरें लगातार कमजोर हो रही हैं। ऐसे में आज वर्ल्ड साइट डे के अवसर पर नजरों को कमजोर होने से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में आपको बता रहे हैं।

# बच्चों की नजर ना हो कमजोर





हर साल अक्टूबर महीने के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। यह दिन दृष्टि और आंखों की सेहत से जुड़ी परेशानियों को समझने और संभाल-देखभाल को लेकर सजग रहने का संदेश लिए है। ऐसे में आंखों की स्वच्छता से लेकर समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लेने तक, हर पहलू पर सजग रहना जरूरी है। विशेष रूप से बच्चों की आंखों की सेहत से जुड़ी स्थितियों को लेकर सचेत रहना बेहद जरूरी है।

**चिंतनीय हैं आंकड़े:** द लैंसेट में पब्लिश एक स्टडी के अनुसार 2050 तक दुनिया की करीब आधी आबादी मायोपिया की बीमारी का शिकार हो सकती है। अध्ययन में सामने आया अनुमान एशियाई देशों के लोगों को डराने वाला है। इन देशों में 90 प्रतिशत बच्चे और एडल्ट मायोपिया से प्रभावित हैं। खासकर बच्चों में यह आई साइट से जुड़ी यह परेशानी तेजी से बढ़ी है। बचपन या टीन एज में ही दृष्टि दोष पैदा करने वाली यह समस्या आज 40 साल से कम एज वाली आबादी में धुंधलाती दृष्टि की बड़ी वजह बन गई है। समय रहते इसके कारणों पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही आंखों की देखभाल को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है। घर के बच्चों को आंखों की केयर के बारे में समझाना बताना आवश्यक है। इतना ही नहीं क्लास रूम में बोर्ड धुंधला दिखने, सिर भारी रहने, आंखों में पानी आने और थकान महसूस होने जैसी परेशानियां बिना देरी किए बड़ों को बताने की समझाइश भी जरूरी है। गौरतलब है कि वर्ल्ड साइट डे 2024 की थीम भी 'लव योर आइज किड्स' ही है, जो विशेष रूप से बच्चों की कमजोर होती नजर को लेकर सचेत करने का संदेश लिए है।

**कई तरह से हार्मफुल:** आमतौर पर दृष्टि से जुड़ी परेशानियों को शरीर के एक अंग में हुई तकलीफ भर से जोड़कर देखा जाता है, जबकि नजर कमजोर होने और होते जाने के सोशल, इमोशनल और पर्सनल मोर्चे पर भी बहुत से नुकसान हैं। ऐसे में बच्चों का तो पूरा जीवन ही बहुत मानसिक और शारीरिक परेशानियों से घिर जाता है। बच्चे खेलने-कूदने से दूरी बनाने लगते हैं। कुछ नया सीखने में परेशानी होने लगती है। हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली सी स्थिति में पैरेंट्स का चेतना आवश्यक है। मेडिकल एडवाइस लेकर सही चश्मा, आईड्रॉप आदि चुनें। साथ ही अभिभावक बच्चों को आउटडोर एक्टिविटीज के लिए भी लेकर जाएं। अध्ययन बताते हैं कि जो बच्चे धूप में समय बिताते हैं, उनमें नजर कमजोर होने की परेशानी कम होती है।

**स्मार्ट गैजेट्स से बढ़ी परेशानी:** आज के टेक्निकल दौर में स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल से पूरी तरह दूर नहीं रहा जा सकता है। ऐसे में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए स्क्रीन स्क्रॉल करने के टाइम को सीमित करना ही एक हल है। बच्चों के मामले में अभिभावक इस ओर विशेष ध्यान दें कि आवश्यक काम के अलावा बच्चे बेवजह स्क्रीन में झांकते हुए समय बिताने से बचें। स्क्रीन को लंबे समय तक देखने से डिजिटल आई स्ट्रेन की समस्या होती है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी का अध्ययन कहता है कि जो बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, उनमें मायोपिया की समस्या होने का जोखिम ज्यादा होता है। इसलिए कंट्रोल्ड यूज जरूरी है। *

## भागीरथ चौधरी की अनुशंसा पर वर्षों पुरानी मांग पूरी, 2.50 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण के कायार्देश

राज्य की भाजपा की सरकार ने संसदीय क्षेत्र अजमेर के किशनगढ विधानसभा क्षेत्र में नई सड़कों की स्वीकृति को लेकर कार्य प्रारंभ कर दिया है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने तीन मुख्य सड़कें, जो जिला सीमा को जोडेगी, इसके साथ ही तिलोनिया तोलामाल रोड़ की स्वीकृति को लेकर अनुशंषा की थी। इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार की ओर से उक्त सड़कों की स्वीकृति के बाद इनके कायार्देश जारी हो गए तथा जल्द ही किशनगढ विधानसभा क्षेत्र की इन सड़कों का निर्माण एवं डामरीकरण का कार्य होगा। कांकनियावास से जिला सीमा अजमेर - सिरोहीकला, गोली अजमेर जिला सीमा से ईंटाखोई, और बान्दरसिन्दरी से रहलाना जयपुर जिला सीमा को को जोडने को लेकर वर्षों से स्थानीय लोग मांग कर रहे थे।